रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 12 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-290 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज

### केंद्र ने छत्तीसगढ़ को जीएसटी की 4761.30 करोड़ की राशि हस्तांतरित की



**रायपुर।** केंद्रीय वित मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीएसटी की राशि 4761.30 करोड़ रूपए हस्तांतरित की गई है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर पोस्ट करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर लिखा है कि केंद्रीय वित मंत्रालय से जीएसटी की मिली राशि का उपयोग प्रदेशवासियों के हित और यहां के विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

### शेयर बाजार में घटबढ़

**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर रिलायंस, एक्सिस बैंक, आईसीआईआई बैंक और इंफ़ोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ वहीं निफ्टी बढ़त पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.49 अंक फिसलकर 76,456.59 अंक रह गया।

### ओमान के सुल्तान ने मोदी को फोन कर दी बधाई, दोनों देशों के संबंधों पर की चर्चा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी सरकार बनाने की सफलता पर विदेशों से बधाई के सिलसिले के बीच ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने मंगलवार को फोन कर के मोदी को बधाई दी और द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के बारे में बातचीत की । प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज ओमान के सुल्तान महामहिम सुल्तान हैथम बिन तारिक का फोन आया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के भरोसे बैठे रह गए कार्यकर्ता


## लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद संघ प्रमुख डॉ. भागवत का बयान आया सामने

पायनियर संवाददाता रायपुर/नई दिल्ली
www.dailypioneer.



देश में लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके है। मोदी की गारंटी पर लड़े गए चुनाव में अपेक्षाकृत परिणाम न आने के बाद चारों ओर राजनीतिक चर्चाओं का दौर जारी है। स्वंय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस चुनाव में मोर्चा संभाल रखा था। चारों ओर मोदी की गारंटी के पोस्टर बेनर अटे पड़े हुए थे। तमाम भाजपा नेता मोदी के सहारे चुनावी नय्या पार लगाने की आस लगाए हुए थे। 400 पार का नारा देने वाली भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई। 2014 और 2019 में देश की जनता ने भाजपा पर अपार विश्वास जताते हुए पूर्ण बहुमत सौंपा था। लेकिन इस चुनाव में भाजपा अकेले दम पर पूर्ण बहुमत नहीं ले सकी। हालाकि भाजपा के सहयोगी दलों की बदौलत नरेन्द्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बन चुके है। लेकिन चुनाव परिणाम के कुछ दिन बीतते ही चारों ओर राजनीतिक चर्चाओं का दौर जारी है। लोकसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा के प्रदर्शन को देख हर कोई हैरान था। हर एग्जिट पोल भाजपा को 300 सीटों के पार दिखा रहा था, लेकिन नतीजों में वह 240 पर ही सिमट गई। यहीं नहीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भाजपा के लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के कारणों का जिक्र किया है। आरएसएस के मुखपत्र -ऑर्गनाइजर-में एक लेख में यह कहा गया है कि भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के दौरान अति आत्मविश्वास में दिख रहे थे। यही वजह है कि भाजपा का परिणाम बहुत निराशाजनक रहा। कार्यकर्ता जनता से कट गए थे। वह उनकी ना सुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के भरोसे ही बैठे थे। आरएसएस ने कहा कि भाजपा ने जमीन पर -स्वयंसेवकों-का बिल्कुल सहयोग नहीं किया था। भाजपा ने काम करने वाले कार्यकर्ताओं का ध्यान नहीं रखा। वह उन कार्यकर्ताओं के भरोसे बैठे रहे, जो -सेल्फी- के जरिए प्रचार कर रहे थे। आरएसएस मेंबर रतन शारदा ने लिखा कि भाजपा को निराशाजनक प्रदर्शन से सबक सीखने की जरूरत है। उन्होंने आगे लिखा कि महाराष्ट्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में बहुत ज्यादा आक्रोश था। वह राज्य में भाजपा की राजनीति को पसंद नहीं कर रहे थे। एनसीपी (अजीत गुट) के भाजपा के साथ गठबंधन को पार्टी कार्यकर्ताओं ने नापसंद किया। भाजपा के इन निर्णयों की वजह से पार्टी की साख राज्य में कम होती चली गई। रतन शारदा ने कहा कि यह पार्टी की जिम्मेदारी होती है कि वह मतदाताओं तक पहुंचे। उन पार्टी के एजेंडे, साहित्य पहुंचाए। भाजपा का महाराष्ट्र में प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा है, क्योंकि 23 सीटों पर लड़कर वह केवल नौ सीटें ही जीत पाई है।

### विपक्ष को विरोधी नहीं माना जाना चाहिए, वे भी एक पक्ष को उजागर कर रहे हैं



लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पहली बार संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का बयान सामने आया है। नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय समापन समारोह को संबोधित करने के दौरान संघ प्रमुख ने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना है। सभी की पूजा का सम्मान करना है, ये मान कर चलना है कि हमारे जैसा उनका धर्म भी सच्चा है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की एक अनिवार्य प्रक्रिया है। इसमें दो पक्ष होने के कारण प्रतिस्पर्धा होती है। चूंकि यह एक प्रतिस्पर्धा है, इसलिए खुद को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इसमें एक गरिमा होती है। झूठ का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा कि चूंकी जनता संसद में जाने और देश चलाने के लिए लोगों को चुनती है। लिहाजा वे सहमति बनाकर ऐसा करेंगे, यह प्रतिस्पर्धा कोई युद्ध नहीं है। एक-दूसरे की जिस तरह की आलोचना की गई, जिस तरह से अभियान चलाने से समाज में मतभेद पैदा होगा और विभाजन होगा। इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। डॉ. भागवत ने कहा आरएसएस जैसे संगठनों को भी इसमें बेवजह घसीटा गया। इसके साथ ही मोहन भागवत ने मणिपुर हिंसा पर भी बालने से परहेज नहीं किए। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति की राह देख रहा है। प्राथमिकता के साथ उसका विचार करना होगा। मणिपुर राज्य पिछले 10 साल शांत रहा, लेकिन अचानक से गन कल्चर फिर से बढ़ा, जो कलह वहां पर हुई। उसपर प्राथमिकता देकर विचार करना जरूरी है।

### मोदी की लोकप्रियता में गिरावट, आने वाले दिनों में खुद करनी पड़ेगी मेहनत

पिछले चुनाव परिणाम को देखे और वर्तमान चुनाव परिणाम को देखे तो निश्चित ही पीएम मोदी की लोकप्रियता में गिरावट आई है। यह गिरावट क्यों आई, इसके क्या कारण है। इस लोकसभा चुनाव में पहली बार भाजपा और संघ के बीच मतभेदों को लेकर खबरे सामने आती रही, चुनाव के दौरान ही भाजपा के तात्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि अब पार्टी का बहुत विस्तार हो चुका है। अब संघ की जरूरत नहीं पड़ती। इसके बाद संघ और भाजपा के बीच मतभेद को लेकर तरह-तरह की खबरे सामने आती रही। चुनावी परिणाम को देखे ता अब भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को खुद के दम पर भी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने की जरूरत दिख रही है। मोदी पार्ट-1 और पार्ट-2 में कई नेता प्रधानमंत्री के भरोसे चुनाव जीतने में सफल रहे, लेकिन मौजूदा हालातों को देखकर यह कहा जा सकता है कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ताओं को और नेताओं को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

## जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में की गई तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना का जायजा लेने पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदर्शनकारियों के द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित संयुक्त जिला कार्यालय में की गई तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना का जायजा लेने सोमवार को देर रात्रि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके साथ खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल एव राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी थे। उन्होंने कलेक्टर एव एसपी से घटना की विस्तृत जानकारी ली। साथ उन्होंने पूरे परिसर में हुई आगजनी, जिला पंचायत, कुटुंब न्यायालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय सहित शहर का भी मुआयना कर नुकसानों का जायजा लिया। शर्मा ने घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने आगे कहा भारी संख्या में वाहनों को क्षति पहुंचा गया है। जिनमे से कुछ अपने कार्य के लिए पहुँचे गरीब लोगों एवं अधिकारी कर्मचारी के होंगे साथ ही शासकीय सम्पति को नुक़सान पहुँचाया गया है,रिकॉर्ड रूम में न जाने कितनी दस्तावेज जल चुकी है, बिल्डिंग को जला दिया गया है जो की बड़ी मुश्किल से तैयार होती है। उन्होंने कहा कि सरकारी सम्पति को तबाह करने वाले समाज के नहीं होते। पूरे प्रदेश में परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास को माना जाता है वे श्वेत ध्वजवाहक हैं तथा शांति के प्रतीक हैं। विगत माह अमर गुफा में जैतखांभ को क्षति पहुँचायी गई थी इस पर पुलिस की जाँच से असंतुष्ट होकर समाज के लोगों ने जाँच की माँग की थी। सभी प्रकार की चर्चा के पश्चात न्यायिक जाँच की घोषणा मुख्यमंत्री के निर्देश पर की गई थी।इस पर समाज के लोगो ने संतुष्टि ज़ाहिर करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए कार्यक्रम रखा था इसी दौरान असामाजिक तत्वों ने भीड़ में घुसकर घटना को अंजाम दिया है। जिसकी जाँच की जा रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आई जी अमरेश मिश्रा,संजीव शुक्ला, कलेक्टर के एल चौहान,एसपी सदानंद कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047' के लिए मंत्रियों-विधायकों से मांगे गए सुझाव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित एवं योजना मंत्री ओपी चौधरी ने विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लिए जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सभी मंत्रियों और विधायकों को पत्र लिखकर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सुझाव देने का आग्रह किया है। सुझाव 30 जून तक मंगाए गए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक देश को विकसित राष्ट बनाने की परिकल्पना की है। इस परिकल्पना को साकार करने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2024 में घोषणा की गई थी कि राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047'जारी कर प्रदेश की जनता जनार्दन को समर्पित किया जाएगा। राज्य शासन ने ''अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन/2047'' से संबंधित विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है।

## नीट-2024 पेपर विवाद : काउंसलिंग पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, एनटीए को नोटिस

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल कॉलेज स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र सार्वजनिक (पेपर लीक) होने संबंधी गड़बड़ी और धोखाधड़ी के आरोप वाली याचिकाओं के मद्देनजर दाखिले से संबंधित काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया, लेकिन इस मामले में की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर कहा कि कई सवाल उठाए गए हैं। परीक्षा की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से जवाब मांगते हुए कहा कि वह इस मामले में आठ जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ताओं द्वारा किए गए मौखिक अनुरोध पर काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक की खबर सुनकर वे अंदर तक हिल गए हैं। वे बहुत तनाव और चिंता में हैं, क्योंकि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने एक दिन मेडिकल प्रैक्टिशनर बनने का सपना देखा था। उन्होंने न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि एनटीए ने बिहार के पटना स्थित शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एफआईआर और बिहार पुलिस द्वारा पेपर लीक मामले में आगे की जांच की पृष्ठभूमि में संबंधित विभिन्न एजेंसियों की चल रही जांच पूरी होने से पहले ही पेपर लीक मामले में कथित अपराधियों को क्लीन चिट देते हुए अपना स्वयं का परिपत्र/अधिसूचना प्रकाशित कर दिया है। पीठ ने अधिवक्ता की ओर से काउंसलिंग पर रोक लगाने के समर्थन में बार-बार दी जा रही दलीलों कहा, हम काउंसलिंग बंद नहीं करेंगे। अगर आप आगे बहस करेंगे तो हम इसे खारिज कर देंगे। नीट 2024 परीक्षा 5 मई 2024 को आयोजित की गई थी।

### सुझाव पर स्वास्थ्य विभाग को एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए

## छत्तीसगढ़ में दूर होगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी, विशेष सचिव की अगुवाई में बनेगी कमेटी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था तथा मेडिकल कॉलेजों की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की. विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेश के मेडिकल कालेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर चिंता जाहिर की और उनके मानदेय को बढ़ाने तथा उन्हें नियमित करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सुझाव पर स्वास्थ्य विभाग को एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। कमेटी में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव नोडल अधिकारी होंगे। कमेटी में वित्त तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी के साथ ही किसी मेडिकल कॉलेज के डीन तथा सीनियर प्रोफेसर भी शामिल होंगे। ये कमेटी एक महीने में विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय और उनके नियमितिकरण करने के प्रावधान के बारे में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के प्रावधानों और नियमों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

विस्तृत पेज 10 पर..

### मेडिकल कॉलेजों की सुविधाओं को लेकर चर्चा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बैठक में राजनांदगांव व कवर्धा समेत प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों की सुविधाओं व स्थापना को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की. उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग को लघु एवं दीर्घ लक्ष्य बनाकर काम करना चाहिए ताकि समयबद्ध तरीके से काम हो सके और ज्यादा से ज्यादा लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को असिस्टेंट प्रोफेसर्स के रिक्त पदों को जल्द पीएससी के माध्यम से शीघ्र भर्ती करने की बात स्वास्थ्य मंत्री से कही।

### शांति बनाने के साथ सविधान पर रखे भरोसा - गुरु खुशवंत



**रायपुर।** बलोदाबाजार में हुई हिंसक घटना पर सतनामी समाज के प्रमुख आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहिब ने कहा की समाज की जो मांगे थी उसको लेकर गृह मंत्री ने आश्वासन दिया था जांच के आदेश भी दिया गया था,, उसके बाद से समाज में शांतिपूर्वक आंदोलन चल रहा था लेकिन कल जब रैली के माध्यम से ऐसा हुआ तो ये साजिस कर के ऐसा किया है लग रहा है, कुछ आसामाजिक लोगो के द्वारा ऐसा किया गया है भीड़ को भड़काया गया, फिर उस भीड़ के सहारे ऐसा किया, पहले भी सतनामी समाज के आस्था के साथ छेड़छाड़ हुई है लेकिन एक्शन नही लिया गया, लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है, धर्म के साथ छेड़छाड़ बर्दास्त नहीं किया जा रहा है एक्शन लिया जा रहा है, हमारे समाज को बदनाम करने के लिए ऐसा किया गया है।

## तीन करोड़ आवास देने का ढिंढोरा पीटने वाले मोदी ने पिछला वादा नहीं किया पूरा : खडगे

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मोदी ने तीन करोड़ आवास देने का ढिंढोरा पीटना शुरू कर दिया है, जबकि उन्होंने अब तक गरीबों को आवास देने का पुराना वादा पूरा नहीं किया है। खडगे ने मंगलवार को कहा लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का 'घर' संभालना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री जी ने 17 जुलाई 2020 को देश को 'मोदी की गारंटी' दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये 'गारंटी' तो खोखली निकली। अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो। उन्होंने कहा देश असलियत जानता है -इस बार इन 3 करोड़ घरों के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है, कोई डेडलाइन नहीं दी गई है, क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस-यूपीए के मुक़ाबले 1.2 करोड़ घर कम बनवाए। कांग्रेस ने 2004-13 तक 4.5 करोड़ घर, भाजपा ने 2014-24 तक 3.3 करोड़ घर बनाए हैं। मोदी जी की आवास योजना में 49 लाख शहरी आवास - यानी 60 प्रतिशत घरों का अधिकांश पैसा जनता ने अपनी जेब से भरा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा एक सरकारी बेसिक शहरी घर औसतन 6.5 लाख का बनता है, उसमें केंद्र सरकार केवल 1.5 लाख देती है। इसमें 40 प्रतिशत योगदान राज्यों और नगरपालिका का भी होता है। बाक़ी का बोझ का ठीकरा जनता के सिर पर आता है और वो भी क़रीब 60 प्रतिशत का बोझ। ऐसा संसदीय कमेटी ने कहा है। समाचार पत्रों से पता चला है कि नरेंद्र मोदी जी ने वाराणसी में जो 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' के तहत 8 गाँवों को विकसित करने के लिए गोद किया था वहाँ ग़रीबों के पास, ख़ासकर दलित व पिछड़े समाज के पास अब तक पक्के घर नहीं पहुँचे। अगर कुछ घर हैं तो भी उनमें पानी नहीं पहुँचा है, नल तक नहीं है। उन्होंने कहा जयापुर में, जो मोदी जी द्वारा गोद लिया गया पहला गाँव है, कई दलितों के पास घर और कार्यात्मक शौचालय नहीं हैं। नागेपुर में भी स्थिति ऐसी ही है - इसके अलावा, सड़कें भी खराब स्थिति में हैं। परमपुर में पूरे गांव में नल लगे हैं लेकिन उन नलों में पानी नहीं है। पूरेगांव में पिछले दो महीनों से पानी की आपूर्ति नहीं थी। वहां कई दलित और यादव समाज के लोग मिट्टी के घरों में रहते हैं।

# झारखंड राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता: चम्पाई सोरेन



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य की बेहतर विधि व्यवस्था से प्रदेश की बेहतर छवि बनती है और इससे विकास को नया आयाम मिलता है ।

सोरेन ने वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि यह राज्य की दशा और दिशा भी तय करता है । यही वजह है कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की विशेष प्राथमिकता है । आप सभी के सहयोग से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है। इस मौके पर उन्होंने विधि-व्यवस्था, अपराध एवं उग्रवाद नियंत्रण, अवैध खनन, मादक पदार्थों और शराब तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई एवं वन, उत्पाद और भू- राजस्व से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में काफी विविधताएं हैं। कहीं जंगल झाड़ है तो कहीं खदान। कुछ इलाकों में उद्योगों की बहुलता है तो कहीं लोग कृषि पर निर्भर हैं। इसी तरह यहां की परिस्थितियों के अनुरूप अपराध में भी काफी विविधताएं हैं। नित्य अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। ऐसे में पुलिस की चुनौती भी बढ़ जाती है । ऐसे में अपराध को नियंत्रित करने में आपकी कार्यशैली और मजबूत सूचना तंत्र काफी कारगर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि अपराध के वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी बनाएं।

# कैंट बोर्ड की अतिक्रमण के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, मुआवजा और जगह नहीं देने पर दी आंदोलन की चेतावनी

जबलपुर। अतिक्रमण के खिलाफ कैंट बोर्ड जबलपुर की हुई बर्बरतापूर्वक कार्वाई के खिलाफ आज कांग्रेस ने हल्ला बोला है। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने इस कार्वाई के खिलाफ कैंट बोर्ड ऑफिस का घेराव कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर 24 घंटे में गरीबो को मुआवजा और धंधा करने की जगह नहीं दी, तो वे आंदोलन करेंगे।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कैंट बोर्ड के ऊपर लगाते हुए कहा कि, कैंट बोर्ड को लोगों का समान तोड़ने का अधिकार आखिर किसने दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने सड़क किनारे ठेले और सब्जी की दुकान लगाने वालों की भरपाई करने की मांग की। इसके साथ ही रेहड़ी वालों को व्यापार करने के लिए जगह देने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि कैंट बोर्ड ने 24 घंटे के अंदर उन्हें मुआवजा नहीं दिया और उन्हें धंधा करने की जगह नहीं दी तो उनका आंदोलन और तेज होगा। बतादें कि, कैंट बोर्ड ने सड़क किनारे सब्जी और फलों की दुकान लगाने वालों के खिलाफ बर्बरतापूर्ण कार्वाई करते हुए 100 से ज्यादा ठेले और कच्ची दुकान तोड़ दी थी। सब्जी वालों का कहना है कि इस कार्वाई के पहले उन्हें कोई नोटिस भी नहीं दिया गया। अचानक कैंट बोर्ड का अमला आया और उनकी दुकानों को तोड़ते हुए उनके ठेले तोड़ दिए। इसके साथ ही उनका सामान भी जब्त कर लिया।

वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि, न केवल सब्जी वालों के ठेले और दुकानें तोड़ी गई बल्कि गरीब लोगों के फल और सब्जी भी लूट ली गई।

# सिखों के खिलाफ नफरत के माहौल को रोकने के लिये सरकारें अपनी जिम्मेदारी निभाये : धामी

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने मंगलवार को हरियाणा के कैथल में एक सिख युवक की पिटाई का गंभीरता से नोटिस लेते हुये पुलिस प्रशासन से दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा है।


एडवोकेट धामी ने कहा कि इस घटना से पूरे सिख जगत की भावनायें आहत हुई हैं, इसलिए हरियाणा सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिये और राज्य में रहने वाले सिखों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कि भारत देश में सिखों के खिलाफ लगातार नफरत का माहौल बनाया जा रहा है और अलग-अलग राज्यों में बिना वजह सिखों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के हर वर्ग, हर धर्म और हर समुदाय के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा करना सरकारों की जिम्मेदारी है। सांप्रदायिक माहौल पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिये।

# केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों की नारेबाजी, पुतला फूंका

देहरादून। केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर शासन में असफल रहने का आरोप लगाते हुए उत्तराखंड के देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में सरकार का पुतला फूंका। स्थानीय एस्ले हॉल चौक पर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए डॉ. गोगी ने कहा कि 2014 में देश की जनता के साथ बहुत बड़ा छल हुआ। बहुत हुई महंगाई की मार अब की बार मोदी सरकार के नारे के साथ भाजपा की सरकार सत्ता में आई और तब से लेकर आज तक पूरा देश महंगाई से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें शासन के मामले में पूरी तरह असफल रही हैं। एक तरफ पेपर लीक और नीट परीक्षा में गड़बड़ी जैसे मामले हैं, जिससे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। दूसरी तरफ टोल, दूध सहित आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। दूध और टोल के दाम तो पहले ही बढ़े थे, लेकिन चुनाव खत्म होते ही और बढ़ा दिए गए। दाल, तेल, गैस सहित सभी आवश्यक चीजें दिनबदिन महंगी होती जा रही हैं।

# मेघवाल ने किये राष्ट्रीय मुकदमा नीति पर हस्ताक्षर

नयी दिल्ली। केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कायर्भार ग्रहण किया और पहले दस्तावेज के रूप में राष्ट्रीय मुकदमा नीति पर हस्ताक्षर किये। शास्त्री भवन स्थित विधि एवं न्याय मंत्रालय में मध्या करीब 12 बजे कायर्भार ग्रहण करने के बाद मेघवाल ने कामकाज की शुरुआत का शगुन करते हुए राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये।



# अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल से बेरोजगारी भत्ते पर किया सवाल

नई दिल्ली। राजस्थान में बेरोजगारी भत्ते को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाल उठाया है। साथ ही सीएम भजनलाल शर्मा से गुजारिश की वह युवाओं का बेरोजगारी भत्ता जल्द से जल्द पुनः शुरू करें।



कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक गहलोत ने अपने सोशल अंकाउट पर पोस्ट किया है कि राजस्थान में हमारी सरकार के दौरान युवाओं को 4500 रुपए महीने तक का बेरोजगारी भत्ता देना शुरू किया गया था जो उनके लिए बड़ा संबल होता है। मुझे बहुत सारे युवाओं ने बताया है कि बीते कई महीनों से उन्हें बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है। जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने में परेशानी आ रही है।

उन्होंने आगे लिखा है कि अशोक गहलोत ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री @NarendraModi ने चुनाव में गारंटी दी थी कि भाजपा सरकार आने पर हमारी किसी योजना को बंद नहीं किया जाएगा बल्कि और मजबूत किया जाएगा। अब राजस्थान के युवाओं ने इस गारंटी पर भरोसा कर भाजपा को वोट तो दे दिया था पर अब उन्हें नौकरी या बेरोजगारी भत्ता नहीं केवल अफसोस मिल रहा है। मैं मुख्यमंत्री @Bhajan''इखढ से कहना चाहूंगा कि युवाओं का बेरोजगारी भत्ता जल्द से जल्द पुनः शुरू करें जिससे युवाओं को राहत मिल सके।

# शाह, जयशंकर समेत केंद्र में नयी सरकार के विभिन्न मंत्रियों ने कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए मंत्रियों में अमित शाह, डॉ एस जयशंकर , किरन रिजिजू और सर्बानंद सोनोवाल समेत विभिन्न मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यभार संभाल लिए हैं। अमित शाह समेत कई मंत्रियों ने मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद अपने विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। आज कार्यभार ग्रहण करने वाले मंत्रियों में जगत प्रकाश नड्डा, मनोहर लाल, अर्जुन राम मेघवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान , गिरिराज सिंह और अश्विनी वैष्णव भी शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर कल नयी सरकार के मंत्रियों के विभागों की अधिसूचना जारी की। रविवार को प्रधानमंत्री, उनकी सरकार के 30 नए कैबिनेट मंत्रियों , पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी थी। श्री शाह ने लगातार दूसरी बार केन्द्रीय गृह मंत्री का कार्यभार संभाला है। शाह गृह मंत्रालय के नार्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने से पहले सुबह साढे दस बजे यहां चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक गये। उन्होंने वहां शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और गृह सचिव अजय कुमार भल्ला भी थे। नड्डा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आज विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला। उन्होंने मंत्रालय में पहली बार राज्य मंत्री का पदभार संभालने वाले गोंडा (उत्तर प्रदेश) के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह तथा पवित्र मार्गेरीटा का मंत्रालय में स्वागत किया। श्री मार्गेरीटा को कपड़ा मंत्रालय में राज्य मंत्री की भी जिम्मेदारी दी गयी है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने अपना कार्यभार संभालने के बाद कहा कि देशवासियों ने चुनाव के माध्यम से सत्ता पक्ष तथा विपक्ष की भूमिका तय कर दी है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर उनकी कोशिश रहेगी ।

# मोदी मंत्रिमंडल में शामिल राजग घटक दलों को खत्म करेगी भाजपा : संजय

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों को मंत्रिमंडल में सम्मान न देकर भारतीय जनता पार्टी ने साफ संकेत दे दिया है कि उसने अपने घटक दलों को समाप्त करना शुरू कर दिया है।



सिंह ने मंगलवार को कहा कि इंडिया समूह के दलों को जिस बात की आशंका थी वो सच साबित होने जा रहा है। इस सरकार में राजग के घटक दलों को गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, वाणिज्य, रेल, सड़क, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, दूर-संचार में से कोई मंत्रालय नहीं मिला। उन्हें हाथ में केवल मंत्रालय के तौर पर झुनझुना थमा दिया गया। भाजपा ने साफ तौर पर पहला संकेत दे दिया है कि उसकी अपने घटक दलों को अपमानित करने और धीर-धीरे उनकी ताकत समाप्त करने की जो प्रवृत्ति और कार्य शैली है, मंत्रालय के बंटवारे के बाद इसकी शुरुआत हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 10 साल में देश के अंदर जोड़-तोड़ करके, विधायकों और सांसदों की खरीद फरोख्त करके पाटियों को तोड़ा है। राजग के घटक दलों को ये झुनझुना मंत्रालय देने के बाद अब इनका अगला चरण इन पाटियों को खत्म करना होगा।

# हल्द्वानी दंगा पीड़ितों को मुआवजा के मामले में सरकार का संतोषजनक जवाब नहीं

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय हल्द्वानी दंगा पीड़ितों को मुआवजा के मामले में सरकार के जवाब मंगलवार को संतुष्ट नजर नहीं आयी और अदालत ने सरकार को पुनः जवाब देने के लिये कहा है।

इस प्रकरण की सुनवाई आज मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। सरकार की ओर से आज इस प्रकरण में जवाब पेश किया गया। न्यायमित्र अधिवक्ता विकास पांडे की ओर से अदालत को बताया गया कि सरकार की ओर से दंगा पीड़ितों को मुआवजा के मामले में कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया है। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह में इस मामले में पुनः ठोस जवाब पेश करे। उल्लेखनीय है कि अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र का संज्ञान लेते हुए इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। दंगा पीड़ितों की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गयी थी। प्राधिकरण की ओर से दंगा पीड़ितों को वर्ष 2020 की अधिसूचना के अनुसार मुआवजा दिलाने की मांग की गयी है।

इस मामले में प्रमुख सचिव गृह, सचिव शहरी विकास, कुमाऊं आयुक्त और नैनीताल के जिलाधिकारी को पक्षकार बनाया गया है। गौरतलब है कि इस साल 08 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में नगर निगम की भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान दंगा भड़क गया था। दंगे में पांच लोगों की मौत हो गयी थी जबकि कई अन्य घायल हो गये थे।

# बरेली में खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स ट्रॉयल 18 जून को

लखनऊ । आगामी एक जुलाई से बरेली स्थित जाट रेजिमेंट सेंटर में अग्निवीर खिलाड़ियों की होने वाली भर्ती रैली के लिये खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स ट्रॉयल 18 जून को बरेली में होगा । इस दौरान बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैडंबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती तथा दौड़ (800 मीटर और ऊपर) का स्पोर्ट्स ट्रॉयल किया जायेगा। सैन्य प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि इसके लिए संबंधित खिलाड़ियों को अपने जरूरी दस्तावेज लेकर 18 जून को जाट गेट पर सुबह पांच बजे तक पहुंचना होगा।

# राकांपा नेता ने मुस्लिम आरक्षण की मांग की



मुंबई। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी उपाध्यक्ष सलीम सारंग ने राज्य में मुलसमानों के लिए नौकरियों और शिक्षा के अलावा राजनीतिक आरक्षण की मांग की है। सारंग दशकों से मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग कर रहे है।

सारंग की नयी मांग में राजनीतिक आरक्षण भी शामिल है।

# दिल्ली एलजी ने हरियाणा सीएम से की बात, हर संभव मदद के लिए तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है. इसको लेकर आम आदमी पार्टी की तरफ से हरियाणा सरकार पर साजिश करने का आरोप लगाया जा रहा है. इसी बीच दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बात की है. एलजी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि हरियाणा सीएम ने फिर दोहराया कि दिल्ली को आवंटित हिस्से के अनुसार पानी उपलब्ध कराया जा रहा है. गर्मी में राज्य की अपनी बाधाओं के बावजूद उनकी तरफ से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया .



### जल संकट को लेकर हुई बैठक

दिल्ली में पानी के संकट को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक उच्च स्तरीय बैठक की. बैठक में अधिकारियों की तरफ से छऋको जानकारी दी गई कि हरियाणा से जो पानी छोड़ा जा रहा है, उसका 20 पानी दिल्ली आने तक कम हो रहा है. 20 पानी कहां गायब हो रहा है. इसका पता लगाना जरूरी है. इसको लेकर दिल्ली और हरियाणा के अधिकारियों ने मुनक नहर का निरीक्षण भी किया. इस दौरान देखा गया कि हरियाणा को दिल्ली के लिए जहां 1050 क्यूसेक पानी छोड़ना होता है. हरियाणा ने उससे ज्यादा 1161 क्यूसेक पानी छोड़ा. लेकिन, दिल्ली के बवाना में कुल 960.78 क्यूसेक पानी ही पहुंचा पाया. हरियाणा ने मुनक नहर से काकोरी से छोड़ा गया पानी बवाना आने तक 18 से 20 कम कैसे हो गया.

### सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने की एलजी से मुलाकात

आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में पानी की कमी को लेकर छऋ वीके सक्सेना से मुलाकात की. उनकी तरफ से पानी के मुद्दे पर हरियाणा सरकार से बात करने का अनुरोध किया था. इसके बाद एलजी ने हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की.

### दिल्ली के कई इलाकों में जल संकट

राजधानी के कई इलाकों में जल संकट बरकरार रहा. वहीं, स्लम बस्तियों व अनधिकृत कॉलोनियों में पर्याप्त संख्या में टैंकर नहीं पहुंचे. पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी व आसपास के अन्य इलाकों, दक्षिणी दिल्ली स्थित ओखला फेस-2 व संगम विहार, नई दिल्ली स्थित सभी स्लम बस्तियों और पश्चिमी दिल्ली के गोपाल नगर, विकास नगर, निहाल विहार आदि कॉलोनियों में पेयजल संकट बना हुआ है।

# विकसित भारत के लिए मिलकर काम करेंगे: चौहान

नयी दिल्ली। शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कायर्भार ग्रहण किया। चौहान सुबह कृषि भवन मंत्रालय के कार्यालय पहुंचे जहां वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर कार्य करेगा। किसान कल्याण प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, मैं, मेरे साथी मंत्रीगण और अधिकारी एक टीम के रूप में मिलकर काम करेंगे। परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करेंगे। उन्होंने कहा, संकल्प पत्र अधिकारियों को सौंपा गया है जिसमें किसानों के कल्याण के कौन से कदम उठाएंगे।



पंजाब में आतंकवाद वाला बयान

# कंगना को लेकर सीएम मान ने कही ये बात

मोहाली। देश को आजादी में पंजाब का अहम योगदान है, इसलिए पूरे पंजाब को आतंकवादी कहना पूरी तरह से गलत है और कंगना को ऐसा नहीं कहना चाहिए। सांसद कंगना रनौत को सीआईएसएफ कांस्टेबल कुलविंदर कौर द्वारा थप्पड़ मारे जाने के मामले पर सीएम भगवंत सिंह मान ने कहा कि कुलविंदर कौर कंगना के पुराने बयानों को लेकर उनसे नाराज थी. इसी कारण उसने थप्पड़ मारा, लेकिन, उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था. गौरतलब है कि सीएम मान गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व के मौके पर मोहाली के ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में माथा टेकने पहुंचे थे. इस मौके पर उनकी पत्नी डा. गुरप्रीत कौर भी उनके साथ थीं. दोनों ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका. वहीं गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी ने उन्हें सिरोपा देकर सम्मानित किया।



### संगरूर सीट हमारा गढ़ है

यह अब हमारे पास आ गई है. बीजेपी का गढ़ होशियारपुर सीट आप के खाते में अर्थ है. ऐसे में जहां भी कमियां रही है. उन्हें दूर किया जाएगा. वहीं, इस बार केंद्र में बीजेपी को नहीं एनडीए की सरकार है. भाजपा को पूरा समर्थन नहीं मिला है.

### सीएम ने कहा

सीएम ने कहा कि कंगना को बयान देने से पहले सोचना चाहिए था. क्योंकि, वह अब सांसद बन गई है. जिस त रह से उसने पूरे पंजाब को आतंकवादी कहा है. वह पूरी तरह से गलत है. उन्होंने कहा कि पंजाब के जवान देश की सीमाओं की रक्षा करते है. वहीं देश की आजादी में भी पंजाब का योगदान अहम है. हम पूरे देश का पेट भरते हैं. सीएम ने कहा कि इस चुनाव में हमें 35.20 लाख वोट मिली हैं. जबकि कांग्रेस 35.50 लाख वोट मिली हैं. उन्होंने कहा कि पिछली बार से हमारा प्रदर्शन सुधरा है.

# चंद्रबाबू नायडू सर्वसम्मति से विधायक दल के नेता चुने गए



विजयवाड़ा। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू को मंगलवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। तेदेपा, जन सेना और भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की आज यहां बैठक में जन सेना प्रमुख के पवन कल्याण ने विधायक दल के नेता के रूप में नायडू के नाम का प्रस्ताव रखा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी ने इसका समर्थन किया। तेदेपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू ने जोरदार तालियों के बीच तीनों दलों के विधायकों की ओर से सर्वसम्मति से नायडू को विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। नायडू ने तीनों दलों के विधायकों को उन्हें अपना नेता चुनने के लिए धन्यवाद दिया। कल्याण और पुरंदेश्वरी ने भी नायडू को विधायक दल का नेता चुनने के लिए विधायकों को धन्यवाद दिया। तेदेपा नेता आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर को नायडू के विधायक दल के रूप में चुने जाने की सूचना देंगे और औपचारिक रूप से उनसे नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने की अपील करेंगे। तेदेपा सूत्रों के मुताबिक नायडू कल मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

# नियमित रूप से ग्रामीण सचिवालय लगाकर शिकायतों का ग्राम स्तर पर करें समाधान : कलेक्टर

## जिले में घर पहुंच दिव्यांग एवं वृद्धजनों को दी जाएगी पेंशन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले में संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उन्होंने जिले के सभी दिव्यांग एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए वृद्धावस्था पेंशन प्राप्तकताओं के घर पहुंच कर बीसी सखी के माध्यम से पेंशन के वितरण कराने हेतु निर्देश दिये। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के समन्वय स्थापित कर घर पहुंच पेंशन वितरण की इस अभिनव पहल को सफल बनाने हेतु एकीकृत कार्ययोजना बनाने हेतु कहा गया। कलेक्टर ने ग्रामीण स्तर पर लोगों की शिकायतों के निवारण हेतु ग्राम सचिवालयों को नियमित संचालित करने एवं प्रत्येक सात से पंद्रह दिवस के भीतर ग्रामीण सचिवालय लगाकर जन समस्याओं को प्राप्त करते हुए उसका निराकरण ग्राम स्तर पर करने हेतु निर्देश दिये गये। इस संबंध में उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय के नियमित संचालन से लोगों को उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान ग्राम स्तर मिल जाने से शिकायत निवारण की गति में वृद्धि होगी एवं शत प्रतिशत शिकायतों का निवारण स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री कि, जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ऐसे परिवार जिनके सदस्यों की मृत्यु हो गयी है, उन्हे बीमा राशि उपलब्ध कराने की दर में वृद्धि करने तथा शत प्रतिशत बीमा क्लेम सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को किसी भी मृत्यु प्रकरण पर 15 दिवस के भीतर संबंधित व्यक्ति के बीमा के संबंध जानकारी प्राप्त कर उनका प्रकरण तैयार करते हुए उन्हे बीमा क्लेम प्राप्ति में शत प्रतिशत सहयोग हेतु निर्देश दिये। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत आवास निर्माण में तेजी लाने एवं वृद्धावस्था तथा दिव्यांग पेंशन के लम्बित प्रकरणों के निराकरण हेतु मिशन मोड में कार्य करते हुए विकासखण्ड स्तर पर सभी संबंधित विभागों के समन्वय से विशेष शिविरों का आयोजन कर सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये।



### पीएम स्वनिधी योजनांतर्गत शत प्रतिशत स्ट्रीट वेंडर को करें लाभान्वित

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत कार्यरत स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वे कराते हुए मिशन मोड़ में कार्य करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों हेतु स्वनिधी योजनांतर्गत प्रकरण निर्माण कर लाभान्वित करने हेतु निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त पॉम आयल उत्पादन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करते हुए मयूरडोंगर एवं चारगांव में एफआरए क्लस्टर के युवाओं को भी योजना का लाभ दिलाने तथा वनाधिकार पट्टाधारी युवाओं को रोजगार मूलक कौशल का प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया।

**प्रवेश उत्सव पर शालाओं में न्योता भोज का होगा आयोजन**

कलेक्टर ने आगामी शिक्षा सत्र के प्रारंभ में होने वाले शाला प्रवेश उत्सव पर सभी विद्यालयों में न्योता भोज कराने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया गया और इस अवसर पर अधिकारियों को स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ न्योता भोज का आनंद लेने हेतु कहा गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को अपने सामाजिक उत्सवों पर स्कूलों में न्योता भोज कराकर बच्चों को पोषण अभियान के तहत अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने हेतु अपील भी की गयी।

# केंद्रीय विद्यालय किरन्दुल में विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में 12 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया किया जा रहा है। इस शिविर के अंतर्गत आज प्राचार्य बलजिंदर सिंह एवं प्राध्यापक जगदीश नारायण के नेतृत्व में अध्यापिका निशा नागर ने ऊर्जा संरक्षण के विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। उन्होंने बताया ऊर्जा क्या है,हम ऊर्जा किन-किन कार्यों में प्रयोग करते हैं तथा किन-किन वस्तुओं के लिए हमें ऊर्जा की अत्यंत आवश्यकता है जैसे लाइटपंखा टीवी इत्यादि। उन्होंने बच्चों को बताया ऊर्जा कितने प्रकार की होती है जैसे नवीकरण ऊर्जा एवं और अनवीकरण ऊर्जा हमें कौन से ऊर्जा का सबसे अधिक उपयोग करना चाहिए अर्थात वह ऊर्जा जिसे हम दोबारा उपयोग कर सकते हैं जैसे सौर ऊर्जा पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया और प्रेरित होकर अपने घरों में ऊर्जा का बचाव किया साथ ही ऊर्जा बचाओ का संदेश देते हुए अलग-अलग पोस्ट भी बनाएं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार हिंसा में घायल पुलिस जवान संदीप खलको के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार हिंसा में घायल पुलिस जवान संदीप खलको के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खलको के बेहतर इलाज के लिए यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी रजनीश सिंह ने अस्पताल का दौरा कर खलको की कुशलक्षेम पूछी। खलको की हालत ठीक है। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत करते हुए घटना के बारे में बताया। आइजी और कलेक्टर एसपी ने इलाज कर रहे डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन से भी चर्चा की और बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। डॉक्टरों ने बताया की घटना में खलको के जबड़े और आंख में चोट लगी है। उन्हें भर्ती कर जांच और इलाज शुरू कर दिया गया है। बाकी उनका स्वास्थ्य ठीक है। आईजी और कलेक्टर ने घायल जवान की सहायता के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी नियुक्त कर दिए हैं। अधिकारियों ने घायल जवान के परिवार जनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया। इस अवसर पर एसडीएम पीयूष तिवारी सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए 7 आंगनबाड़ी के बच्चे कोण्डागांव के जिला अस्पताल में उपचार जारी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव जिला के बनजुगानी गांव के एक ही परिवार के सात मासूम बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए हैं। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में कोण्डागांव के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जहां सभी का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि, सभी बच्चे आज सुबह घर के नजदीक आंगनबाड़ी केंद्र में गए थे। जहां खेलते-खेलते रतनजोत का बीज खा लिया। इस घटना के बाद सवाल उठने लगा है कि, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता घटना के दौरान क्या कर रहे थे? साथ ही छोटे बच्चों की हरकतों पर क्यों किसी का ध्यान नहीं गया? वीओ - विकासखंड कोण्डागांव के बनजुगानी गांव में छोटे बच्चों के एक समूह ने रतनजोत का बीज खा लिया। रतनजोत का बीज खाने वाले समूह में नित्या पोयाम (4) पिता गुड़राम, दिवांसी पोयाम (4) पिता जड़ीराम, कांति पोयाम (6) पिता धनसिंह, आयुष पोयाम (3) पिता राजू, शिवानी पोयाम (5) पिता राजू, नियासा पोयाम (4) पिता गणेशराम और दीपेश पोयाम (4) पिता बाइस राम शामिल हैं। ये सभी बच्चे एक ही परिवार के हैं, आंगनबाड़ी आए हुए थे, जहां उन्होंने एक साथ रतनजोत का बीज खा लिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने बच्चों को कोण्डागांव के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। जहां सिविल सर्जन डॉ आरसी ठाकुर, पीडियाट्रिक डॉ रुद्र कश्यप, मेडिकल ऑफिसर डॉ अनामिका नेताम पीड़ितों का उपचार कर रहे हैं। डॉक्टर के अनुसार फिलहाल बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर है, लेकिन बच्चे उपचार की प्रक्रिया से चिड़चिड़े हो रहे हैं। फिलहाल सभी को डॉक्टरी देखरेख में जिला अस्पताल में ही रखा गया है।

# अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- स्विफ्ट कार में गांजा तस्करी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध गांजा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जहां केशकाल पुलिस टीम के द्वारा समय-समय पर लगातार चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में नव पदस्थ थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में चेक पोस्ट लगाकर चेक की जाती रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की एक लाल रंग के स्वीपट कार में अवैध मादक गांजा तस्करी कर एनएच 30 से उड़ीसा से रायपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना केशकाल एनएच 30 मेन रोड़ में थाने के सामने चेक पोस्ट लगाकर सघन चेकिंग प्रारंभ किया गया। इसी दौरान मुखवीर के बताये अनुसार एक लाल रंग के स्वीफ्ट कार में एक व्यक्ति चेक पोस्ट में पहुंचा जिसे पुछताछ करने पर अपना नाम सलमान खान उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताया जिसके वाहन की चेकिंग करने पर डिक्की में छुपाकर रखा हुआ भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किया हुआ 10 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 27.070 किलोग्राम गांजा प्राप्त हुआ। कीमत करीबन 2 लाख 70 हजार 700 सौ रूपये एवं स्वीफ्ट कार किमती लगभग 5 लाख कुल किमती 7 लाख 70 हजार 700 रूपए को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी सलमान खान उम्र 35 वर्ष निवासी ककराला उल्हतिया मस्जिद के पास थाना अलापुर जिला बदायू उ.प्र. को 10 जून को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# नये भारतीय कानूनों एवं सॉफ्टवेयर की जानकारी के संबंध में पुलिस कार्यालय धमतरी में आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर सभी थाना ,चौकी के सीसीटीएनएस ऑपरेटरों कि नये भारतीय कानूनों की जानकारी के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी। 11 जून 2024 को पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में थाना प्रभारियों एवं थाना, चौकी में पदस्थ सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स की हॉल ही में बने नये भारतीय कानूनो के संबंध में जानकारी देने एवं सॉफ्टवेयर के संबंध में 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक द्वारा नये भारतीय अपराध कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के संबंध में जानकारी दिया गया। धमतरी जिले के सभी थाना,चौकी में पदस्थ सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स अधिक संख्या में शामिल रहें। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक ने भी नए कानूनों की आवश्यकता एवं मूलभूत दृष्टिकोण में आये बदलाव के सन्दर्भ में विस्तृत व्याख्यान दिए। नए कानूनों के सन्दर्भ में बताते हुए उनके सम्बन्ध में सॉफ्टवेयर की जानकारी रखने निर्देशित किये जिससे की इनके क्रियान्वयन होंते समय किसी प्रकार की समस्या ना हो। नये भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारियां दी गई एवं विवेचको के प्रश्नों एवं शंकाओ का निराकरण किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नये भारतीय कानूनो के अनुसार अपराधों की प्रविष्टि हेतु उसकी जानकारियां देना रहा।

**शपथ पत्र**

मैं योगेश अग्रवाल उम्र 41 वर्ष पिता स्व. कौशल प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 09 बरछा पारा चांपा तह. चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड नंबर 3456 1583 7780 में मेरे पुत्र का नाम सार्थक अग्रवाल पिता योगेश अग्रवाल दर्ज है जो कि सभी दस्तावेजों में दर्ज है।
3. यह कि मुझे मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों में एवं आधार कार्ड में पुत्र का नाम अभिनव अग्रवाल (Abhinav Agrawal) करवाना है।
4. यह शपथ पत्र मेरे पुत्र का नाम बदलकर अभिनव अग्रवाल करने के समर्थन में संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं योगेश अग्रवाल यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में दी गई जानकारी मेरे निजी ज्ञान से सत्य एवं सही है। सत्यापन आज दिनांक 06/06/2024 को चांपा में किया गया।

सत्यापनकर्ता

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

Main Portal : http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal : http://wrd.cgeprocurement.gov.in

**(निविदा निरस्तीकरण सूचना)**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित सिस्टम निविदा क्रमांक 152640 कार्य का नाम बस्तर जिले के तहसील एवं विकासखण्ड जगदलपुर में इन्द्रावती विकास प्राधिकरण के कार्यालय भवन 2 मंजिला निर्माण कार्य जिसका जी नंबर क्रमशः 07686 दिनांक 09.02.2024 की निविदा आमंत्रण में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242500194/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

नि.आ.क्र./05/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.या.खण्ड/2024 बीजापुर, दिनांक 06/06/2024

**// संक्षिप्त मैनुअल प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर जिला के जिला जल प्रयोगशाला (एन.ए.बी.एल.) में FTK Kit की आवश्यकता है, उपकरण क्रय हेतु निविदाएँ प्रपत्र ''सी'' में निर्माता/अधिकृत विक्रेता/वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत प्रदायकर्ता फर्मों से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्र. | कार्य का विवरण | मात्रा | अनु. लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जिला बीजापुर अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जिला जल प्रयोगशाला (एन.ए.बी.एल.) के लिए FTK Kit आवश्यकता हेतु उपकरण क्रय कार्य। | As per List | 16.87 |

नोटः- उपरोक्त निविदा कार्यों की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 24.06.2024 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

G-242500215/3

## चिरमिरी में 240 सीटों के शासकीय पालिटेक्निक कालेज को मंजूरी

**रायपुर।** आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन ने मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में 240 सीटों के शासकीय पालिटेक्निक कालेज की स्थापना को मंजूरी दी है। यह पालिटेक्निक कालेज शैक्षणिक सत्र 2024-25 से संचालित होगा और इसकी स्थापना चिरमिरी में होगी। नवीन शासकीय पालिटेक्निक कालेज में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के लिए 60 सीट, जिओग्राफिक इंफार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) एवं ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) में डिप्लोमा के लिए 60 सीट, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के लिए 60 सीट तथा माइनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के लिए 60 सीटों का प्रावधान है। ये पालिटेक्निक कालेज छत्तीसगढ़ के स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी, भिलाई से संबद्ध होगा।

**कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
E-mail id : cmonpkharod@rediffmail.com
Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्र./544/न.प./लो.नि.शा./2024-25 खरौद, दिनांक 11/06/2024

**// प्रथम मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 14वें वित्त आयोग मद के आबंटन राशि में प्राप्त ब्याज राशि एवं शासन अनुदान मद से (पी.डब्लु.डी.रोड/बिल्डिंग एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 01. 01.2020) हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 24/06/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
02. परिक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 25/06/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
03. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 03/07/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
04. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय - 04/07/2024 समय सुबह 12:00 बजे।

| स क्र. | कार्य का विवरण एवं मद | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 5 | 6 |
| 1. | वार्ड क्र. 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से खरौद सीमा रिंगनी रोड़ तक एवं वार्ड क्र. 13 मेन रोड से लक्ष्मणेश्वर कॉलेज तक विद्युतपोल विस्तार कार्य। | 19.38 | 15000 | 750 | 02 माह |
| 2. | अहाता निर्माण कार्य वार्ड क्र. 13 दरगाह (शेष कार्य) | 3.89 | 3000 | 750 | 02 माह |
| 3. | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य क्र. 07 शिव यादव घर के पास। | 9.83 | 7500 | 7500 | 04 माह |
| 4. | बोर खनन हैण्ड पम्प सहित वार्ड क्र. 13,06,15,11 (09 नग) | 10.92 | 8500 | 750 | 01 माह |
| 5. | रंगमंच निर्माण वार्ड क्र. 13 समारू केंवट घर के पास एवं नीम चौरा (02 नग) | 4.96 | 4000 | 750 | 03 माह |
| 6. | पम्प हाऊस निर्माण कार्य वार्ड क्र. 13 पवन सुल्तानियां खेत के सामने। | 1.50 | 3000 | 750 | 02 माह |

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत, निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट से http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय नगर पंचायत खरौद में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरौद
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (''यूवीएआरसीएल'')**
**कॉर्पोरेट कार्यालयः 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019**

**बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण व सुरक्षा हित अधिनियम के क्रियान्वयन अधिनियम, 2002, जिसे सुरक्षा हित (क्रियान्वयन) नियम 2002 के नियम 6, 7, 8 एवं 9 के अनुसार यह बिक्री सूचना सार्वजनिक की जाती है। निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा लेने के बाद यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, (यूवीएआरसीएल), एक एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत पंजीकृत, ने अपने सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए निम्नलिखित उधारकर्ता के साथ नीचे विस्तारित जमानतदार की सम्पति बेचने के लिए अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्णय लिया गया। **''जो है जैसा है, जहां है वहां है व जैसा है वैसा है''** के आधार पर अधोहस्ताक्षरी इच्छुक क्रेताओं व बोली लगाने वालों से निम्न वर्णित सम्पतियों के खरीद के लिए बन्द लिफाफे में आवेदन आमन्त्रित की जाती है।

| खाता/कर्जदार/बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना के अनुसार दावा राशि | सम्पत्ति/यों का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (10%) | कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| उधारकर्ता – **मैसर्स बीएसआर डायग्नोस्टिक लिमिटेड** (पंजीकृत कार्यालयः 15, वाणिज्यिक परिसर, नेहरू नगर (एफ), भिलाई, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) पिन–462020) और इसके 'गारंटर' | रु. 66,67,45,675/– (रु. छियासठ करोड सडसठ लाख पैतालीस हजार छः सौ पचहत्तर केवल) दिनांक 30.04.2017 तक और दिनांक 01.05.2017 से उक्त राशि पर संविदात्मक दरों से आगे का ब्याज, आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि, बाद का क्रेडिट घटकार यदि कोई हो | 1. परिवर्तित रिहायशी प्लॉट नं. ई-2, टाईप ए-1, खसरा नं. 7/35 का हिस्सा, बीआईपी सिटी, कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड, वार्ड नं. 26, मौजा सड्डू, रायपुर (सी जी) साथ ही उस पर निर्माण भी, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 2400 वर्ग. फुट. (40'X60'), प्लिंथ क्षेत्रफल 1006 वर्ग फीट, चौहद्दीः पूरब में - रोड, पश्चिम में - प्लॉट नं. एफ-2, उत्तर में - प्लॉट नं. ई-3, दक्षिण में - प्लॉट नं. ई-1 | रु. 57,50,000/- / रु. 5,75,000/- | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |
| | | 2. परिवर्तित रिहायशी-सह-वाणिज्यिक प्लॉट नं. 15, मोती लाल नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, कोसा नगर वार्ड, वार्ड क्रमांक-2, तहसील एवं जिला दुर्ग (सी.जी.) साथ ही उस पर निर्माण, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 93.75 वर्ग. मी., चौहद्दीः पूरब में - प्लॉट नं. 16. पश्चिम में - खुली भूमि, उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - रोड़ | रु. 81,00,000/- / रु. 8,10,000/- | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |

**संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि और समयः 24.06.2024 से 28.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच**
**प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि और स्थानः यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड,** 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर **01.07.2024** को दोपहर 02.00 बजे तक
**निविदाएं खोलने की तिथि और स्थानः** कॉर्पोरेट कार्यालय अर्थात यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर **01.07.2024** को शाम 04.00 बजे तक

**नियम व शर्ते**
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्ते सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.uvarcl.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी प्रश्न के लिए आप कृपया प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक के बीच 9319164656, 9477305326 पर संपर्क कर सकते है या resolutionteam@uvarcl.com, uvarcl@gmail.com पर लिखें।
*यह उक्त वर्णित सम्पति के ऋणी/गारंटर को भी अधिसूचना है कि उनका बताये गये ऋण के पूरा भुगतान न होने की स्थिति मे उक्त वर्णित सम्पति की नीलामी हो रही है।*

दिनांकः 12-06-2024,
स्थानः रायपुर

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी,
(यूवी एसेट रिकन्सट्रशन कंपनी लिमिटेड)

स्पेशल ट्रीटमेंट

# कब होती है नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत...



**बीते** कुछ वर्षों में नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की प्रक्रिया काफी प्रचलित हो गई है। केवल अमेरिका में ही हर साल लगभग 600,000 लोगों की नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जाती है। भारत में भी इसका आंकड़ा काफी बड़ा है। लेकिन आप कैसे जानेंगे कि आपको वाकई नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत है। क्योंकि नी रिप्लेसमेंट से कई जोखिम भी जुड़े होते हैं। इसलिए आपके लिए ये जानना जरूरी होता है कि सर्जरी में कुछ गड़बड़ होने पर आपको किन जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। चलिए जानें नी रिप्लेसमेंट सर्जरी करने से पहले जान लेने वाली 5 बेहद जरूरी बातें -

**रिप्लेसमेंट सर्जरी के साइड इफेक्ट:** डॉक्टरों के अनुसार घुटनों में अर्थराइटिस होने या फिर किसी चोट आदि से कई बार बेहद मुश्किल स्थिति पैदा हो जाती है और बेहद दर्द होने लगता है। और फिर जैसे-जैसे घुटने जवाब देने लगते हैं, चलना-फिरना, उठना-बैठना, यहां तक कि बिस्तर से उठ पाना भी मुश्किल हो जाता है। तो ऐसे में दोनों घुटनों का नी-रिप्लेसमेंट ऑपरेशन किया जाता है। इस सर्जरी में इसमें जांघ वाली हड्डी, जो घुटने के पास जुड़ती है और घुटने को जोड़ने वाली पैर वाली हड्डी, दोनों के कार्टिलेज काट कर उच्चस्तरीय तकनीक से प्लास्टिक फिट किया जाता है।

**एनेस्थीसिया साइड इफेक्ट्स :** कुछ बड़ी सर्जरी में बेसुध करने के लिए एनेस्थीसिया दिया जाता है ताकि रोगी को ऑपरेशन के दौरान दर्द का आहसास न हो। अधिकांश मामलों में एनेस्थीसिया सुरक्षित होता है और कोई समस्या पैदा नहीं करता है, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं इसके साइड इफेक्ट की गुंजाइश रहती ही है। इसके प्रतिकूल प्रभाव निम्न प्रकार से हो सकते हैं- ■ मतली और उल्टी, ■ चक्कर आना, ■ उनींदापन, ■ सांस की नली की सूजन, ■ दांतों को नुकसान, ■ वोकल कॉर्ड्स को चोट, ■ धमनियों में चोट

**सर्जरी में डीप वेन थ्रंबोसिस का जोखिम:** डीप वेन थ्रंबोसिस और पल्मोनरी एम्बोलिस्म दोनों ही टर्म फेफड़ों में रक्त के थक्के जमने वाली स्थिति लिए प्रयोग की जाती हैं। सभी सर्जरी खून के थक्कों के बनने के जोखिम को बढ़ाती हैं, लेकिन नी रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसी आर्थोपेडिक प्रक्रियाओं में जोखिम बढ़ जाता है। आमतौर पर सर्जरी के बाद के पहले दो हफ्तों के भीतर रक्त के थक्के ज्यादा जमते हैं। इसलिए इनके लक्षणों के प्रति सचेत रहना चाहिए ताकि आपातकाल की स्थिति में समय से चिकित्सकीय मदद ली जा सके।

**इंप्लांट विफल हो सकता है:** कृत्रिम घुटने कई तरह से विफल हो सकते हैं, जैसे सर्जरी के बाद उनका न मुड़ पाना, दर्द बना रहना या ढीला हो जाना। घुटना ढ़ीला रह जाए तो इसे समायोजित करने की जरूरत पड़ती है।

**ओस्टियोलिसिस हो सकता है:** कुछ मरीजों में इंप्लांट वाले प्लास्टिक (पॉलीथीन) के टुकड़े शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करने वाले कणों को उत्पन्न कर सकते हैं। ऐसे में वाइट ब्लड सेल इन कणों पर हमला कर उन्हें पचा सकती हैं। दुर्भाग्यवश वाइट ब्लड सेल हड्डियों को भी कमजोर बना सकती है।

**क्या करें:** जिन्दगी की भागदौड़ में घुटने अकसर कमजोर पड़ ही जाते हैं, इसलिए चलते-फिरते और यहां तक कि आराम के वक्त भी इनकी सेहत का ध्यान रखें। घुटनों ने यदि दर्द, सूजन या टेढ़ेपन जैसा कोई संकेत दिया है तो इसे नजरअंदाज न करें। दवाई, एक्सरसाइज और चिकित्सकीय मदद आदि विकल्प आपके घुटनों की उम्र बढ़ा सकते हैं।




# बुढ़ापे से मुक्ति दिलाता है उषा पान...



**काकचण्डीश्वर** कल्पतन्त्र नामक आयुर्वेदीय ग्रन्थ में रात के पहले प्रहर में पानी पीना विषतुल्य बताया गया है। मध्य रात्रि में पिया गया पानी दूध के सामान लाभप्रद बताया गया हैं। प्रातःकाल यानी सूर्योदय से पहले पिया गया जल मां के दूध के समान लाभप्रद कहा गया है। यह इतना लाभप्रद है कि रोग और बुढ़ापे से मुक्ति दिला सकता है। लोहे के बर्तन में रखा हुआ दूध और तांबे के बर्तन में रखा हुआ पानी पीने वाले को कभी लिवर और रक्त संबंधी रोग नहीं होते और रक्त हमेशा शुद्ध बना रहता है। उषा पान के लिए पिया जाने वाला जल तांबे के बर्तन में रात भर रखा जाए, तो उससे और भी स्वस्थ्य लाभ प्राप्त हो सकेंगे। जल से भरा तांबे का बर्तन सीधे भूमि के संपर्क में नहीं रखना चाहिए, अपितु इसको लकड़ी के टुकड़े पर रखना चाहिए। और पानी हमेशा नीचे उकड़ू बैठकर यानी घुटनों के बल उत्कर आसान में बैठकर पीना चाहिए। ऐसे लोग जिन्हें यूरिक एसिड बढ़े होने की शिकायत है उनके लिए तो सुबह उषा पान करना किसी रामबाण औषिधि से कम नहीं है।

## क्या है उषा पान

प्रातः काल यानी रात्रि के अंतिम प्रहार में पिया जाने वाल जल, दूध इत्यादि को आयुर्वेद और भारतीय धर्म शास्त्रों में उषा पान शब्द से संबोधित किया गया है। सुप्रसिद्ध आयुर्वेदीय ग्रन्थ 'योग रत्नाकर' सूर्य उदय होने के निकट समय में जो मनुष्य आठ प्रसर मात्रा में जल पीता हैं, वह रोग और बुढ़ापे से मुक्त होकर सौ वर्ष से भी अधिक जीवित रहता है।

## कब करें उषा पान

प्रातःकाल बिस्तर से उठ कर बिना मुख प्रक्षालन यानी कुल्ला इत्यादि बिना किए हुए ही पानी पीना चाहिए। कुल्ला करने के बाद पिए जाने वाले पानी से सम्पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता। ध्यान रहे पानी मल मूत्र त्याग के भी पहले पीना है।

## उषा पान के फायदे

सवेरे तांबे के बर्तन में रखा हुआ पानी पीने से अर्श यानी बवासीर, शोथ(सोजिश), ग्रहणी, ज्वर, पेट के रोग, बुढ़ापा, कोष्ठगत रोग, मोटापा, मूत्राघात, रक्त पित्त यानी शरीर के किसी भी मार्ग में होने वाला रक्त स्त्राव, त्वचा के रोग, कान नाक गले सिर एवं नेत्र रोग, कमर दर्द तथा अन्यान्य वायु, पित्त, रक्त और कफ, मासिक धर्म, कैंसर, आंखों की बीमारी, डायरियां, पेशाब संबंधी बीमारी, किड़नी, टीबी, गठिया, सिरदर्द आदि से संबंधित अनेक व्याधियां धीरे धीरे समाप्त हो जाती हैं।

## जल की नैसर्गिक शक्ति



जल में एक नैसर्गिक विद्युत होती है, जो रोगों का विनाश करने में समर्थ होती हैं। इसलिए जल के विविध प्रयोगों से शरीर के सूक्षम अति सूक्षम, ज्ञान तंतुओ के चक्र पर अनूठा प्रभाव पड़ता है, जिस से शरीर के मूल भाग मस्तिष्क की शक्ति और क्रियाशीलता में चमत्कारिक बढ़ोतरी होती है। एक कहावत हैं-प्रातः काल खाट से उठकर, पिए तुरतहि पानी। उस घर वैद्य कबहुं नहीं आए बात घाघ ने जानी।

## साफ जल के नुकसान

मगर आज एक सोची समझी साजिश के तहत हमारे जल को भी अति दूषित कर दिया गया है और इसको साफ करने के लिए जो विधियां हम इस्तेमाल करते हैं वे पानी को साफ तो करती हैं मगर साथ में पानी मे मौजूद मिनरल्स भी निकाल देती हैं। इसलिए जब हम पहाड़ो पर कभी जाते हैं तो वहां के पानी में बहुत बढ़िया स्वाद आता है।



इम्पोर्टेंट फैक्ट्स

# दिल में आक्सीजन की कमी एन्जाइना का संकेत



**कंठ-शूल** (एन्जाइना) सीने में होने वाला दर्द या दबाव है जो हृदय में रक्त के प्रवाह में कमी के कारण उत्पन्न होता है। आपकी बांहों, जबड़े या पीठ के ऊपरी भाग में भी दर्द महसूस हो सकता है। यह दर्द इस बात का संकेत है कि आपके हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। यह इस बात का लक्षण है कि आपको दिल का दौरा रोकने के लिए उपचार की आवश्यकता है।



## कंठ-शूल के लक्षण

एन्जाइना के लक्षण काफी कुछ दिल के दौरे के लक्षणों जैसे हो सकते हैं।

- सीने, बांहों, जबड़े, कंधों या गर्दन में दर्द या दबाव, या खिंचाव अथवा भारीपन महसूस होना।
- पसीना आना।
- सांस फूलना।
- मितली या उल्टी आना।
- पेट में दर्द।
- बेहद थकान लगना, चक्कर या बेहोशी महसूस करना।

कुछ लोगों को कोई लक्षण महसूस नहीं होते। अगर आप जो कुछ कर रहे हैं उसे रोककर आराम करें तो अक्सर एन्जाइना के दर्द में आराम मिल जाता है। अगर आपके डॉक्टर ने आपको बताया है कि आपको एन्जाइना है, तो आपको दर्द होने पर दवा दी जा सकती है। इस दवा को नाइट्रोग्लिसरीन कहते हैं।

## कब कराएं उपचार

एन्जाइना के लक्षण महसूस हो रहे हों और उसका उपचार करने के लिए दवा न हो। अपनी दवा ले ली हो लेकिन आपके लक्षण दूर न हो रहे हों या आपको ऐसे नए लक्षण महसूस हो रहे हों जो पहले कभी न हुए हों। आपातचिकित्सा टीम के आने तक बैठें या लेट जाएं। गाड़ी चलाकर अस्पताल न जाएं और न ही अपने डॉक्टर को फोन कर देर करें।

## जरूरी सुझाव

आपको हृदय की समस्या है या नहीं यह देखने के लिए आपकी जांच की जाएगी। आपको दवाएं देनी शुरू की जा सकती हैं या आपके हृदय को रक्त प्रवाह में सुधार के लिए अन्य प्रक्रियाएं की जा सकती हैं। आपके डॉक्टर आपको कम वसा वाला भोजन करने और अपने हृदय का स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए व्यायाम करने का सुझाव भी दे सकते हैं। अगर आपके डॉक्टर नाइट्रोग्लिसरीन सुझाते हैं, तो अपने डॉक्टर के आदेश के अनुसार दवा का प्रयोग करें। अधिक जानकारी के लिए, नाइट्रोग्लिसरीन हैंडआउट मांगें।

जान सकेंगे शादी के बाद की जिंदगी कैसे जीएं?

# वैडिंग कोचिंग से हल होंगी परेशानियां

शादी का नाम सुनकर जहां दिल में गुदगुदी होती है, वहीं नए रिश्ते की शुरुआत के बारे में सोच कर मन आशंकाओं के समुद्र में गोते खाता रहता है। युवितयों के मन में अनेक सवाल जैसे शादी के बाद ससुराल में जींस पहनने देंगे या नहीं, पहली बार कौन सी डिश पकवाएंगे, पति को जाने मेरी किस बात का बुरा लग जाए, मायके ज्यादा आने देंगे कि नहीं, सासू मां का स्वभाव कैसा होगा, नौकरी करने देंगे या नहीं... आदि जहां परेशान करते हैं, वहीं निजी समस्याओं का भी डर सताता है, परंतु इन बातों का समाधान कहीं से नहीं मिलता। कौन समझे मन की बातें घर में दादी-नानी, मां, दीदी और भाभी की नसीहतें सुन-सुन कर दिल कई बार डरता है। सहेलियां हमउम्र होने के कारण उसकी परेशानियों को सुनकर भी कोई राय नहीं दे पातीं। ऐसे में आजकल वैडिंग कोचिंग का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, कोचिंग में जाकर शादी से पहले हम खुद को मानसिक तौर पर तैयार कर लेते हैं।



## मिल जाते हैं सवालों के जवाब

विवाह से पहले ही रिश्तों और उनकी मर्यादाओं के साथ अन्य पहलुओं को भी समझ लिया जाए तो विवाह में बिखराव और अलगाव की नौबत नहीं आती। इसके लिए घर की किसी बुजुर्ग महिला की नसीहतों के अलावा दुल्हन के लिए वैडिंग कोचिंग बढ़िया रहती है, जहां उसे पति-पत्नी के संबंधों से ताल्लुक रखने वाले छोटे से छोटे सवालों के जवाब काउंसिलिंग में मिल जाते हैं। क्या है वैडिंग कोचिंग विदेशों की तर्ज पर अब महानगरों में भी वैडिंग स्ट्रेस कोचिंग सेंटर खुलने लगे हैं, जिससे विवाह के बाद ही नहीं, विवाह से पहले भी एक-दूसरे की पसंद-नापसंद, इच्छा-अनिच्छा आदि को समझने में आसानी हो। दोनों एक-दूसरे की जरूरतें समझने के साथ फैमिली प्लानिंग पर भी विचार कर सकें। सिर्फ 2-3 सिटिंग ही इसके लिए काफी हैं।

## मानसिक तौर पर खुद को करें तैयार

मैरिज काउंसलर की मानें तो आज की पीढ़ी में पहले की तुलना में समर्पण, धैर्य और त्याग जैसी भावनाएं काफी कम होने लगी हैं, सो ऐसी कोचिंग उन्हें एक-दूसरे को समझने में मदद करती है। कामकाजी दुल्हनों को कई बार एकल परिवार के ही दायित्व निभाने में भी दिक्कत आती है। पति के साथ अहं का टकराव होने से भी वैवाहिक जीवन को संभाल पाना कठिन हो जाता है। सफल वैवाहिक रिश्ते के लिए युगल स्वयं को मानसिक स्तर पर पहले तैयार करें। विवाह से पहले घर बसाने के लिए व्यावहारिक बातों की शिक्षा परिवार के बुजुर्गों द्वारा जरूर दी जाती है, लेकिन उसमें भी अहम बातें छूट जाती हैं। प्री-मैरिटल काउंसिलिंग में विवाह योग्य लड़के-लड़कियों को एक-दूसरे के विचारों से सामंजस्य बैठाना सिखाया जाता है।

# स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम्स को दूर करती है, सुपारी

अक्सर देखा गया है कि सुपारी का इस्तेमाल ज्यादातर पूजा में किया जाता है। यह गर्ण तासीर की होती है। इसे जलाकर उसकी राख को दांतों को साफ किया जाता है और दांत चमकीले होते हैं। सुपारी बड़ी और छोटी होती है। आज हम आपको इसे इस्तेमाल करने पर होने वाले लाभ के बारे में बताएगें।



■ अगर आपके मसूड़ों से खून है तो सुपारी लेकर उसका मोटा कूटकर काढ़ा बना लें। इस काढ़े से रोज कुल्ला करने पर मसूड़ों से खून आना बंद हो जाता है।

■ अगर आपको बहुत ज्यादा यूरिन की समस्या हो रहा है तो ऐसे में सुपारी का पाउडर लेकर 1 या 2 ग्राम गाय के घी के साथ इस्तेमाल करें।

■ हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सुपारी में मौजूद टैनिन बहुत ही उपयोगी होती है।

■ इसका अधिक प्रयोग रक्तभार को कम करता है तथा चक्कर आने लगता है।

■ सुपारी का इस्तेमाल दांतों की सड़न को रोकने के लिए मंजन के रूप में किया जाता है क्योंकि इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं।

■ अगर आपके दांतों में कीड़ा लगा है तो सुपारी को जलाकर उसका पाउडर बना लें और इससे रोजाना ब्रश करें।

■ अगर आपको कही चोट लगने से घाव हो गया हो और खून बह रहा है तो ऐसे में इसका बारीक पाउडर लगाने से खून बहना बंद हो जाता है।

■ जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है और उसका मुंह सूखे तो वह एक सुपारी का टुकड़ा मुंह में रख लें। ऐसी करने से मुंह बार-बार नही सूखेगा।

■ दाद, खाज, खुजली और चकत्ते होने पर सुपारी को पानी के साथ घिसकर लेप करने से फायदा होता है। बहुत ज्यादा खुजली होने पर सुपारी की राख को तिल के तेल में मिलाकर लगाने से लाभ होता है।

रेसिपी



## फ्रूट क्रीम

### सामग्री

400 ग्राम क्रीम, 100 ग्राम चीनी, 100 ग्राम सेब (कटा हुआ), 50 ग्राम अनार, 50 ग्राम पपीता(कटा हुआ), 50 ग्राम आड़ू (कटा हुआ), 50 ग्राम अनानास (कटा हुआ), 35 ग्राम बादाम (कटे हुए)

### विधि

सबसे पहले एक बाऊल में क्रीम और चीनी को अच्छी तरह मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसमें सेब, अनार, पपीता, आड़ू, अनानास और बादाम डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब इसे 30 मिनट के लिए फ्रीज करें। फ्रीज करने के बाद पिस्ता और चेरी के साथ गार्निश करके सर्व करें।



## रवा उत्तपम

### सामग्री

1 कप रवा या सूजी, 1 छोटा चम्मच नमक, तीन चौथाई कप दही, आधा कप पानी, आधा छोटा चम्मच फ्रूट सॉल्ट, 1 छोटा टमाटर, 1 छोटा प्याज, 1 छोटी शिमला मिर्च, 2 कटी हरी मिर्च, 1 बड़ा चम्मच हरा धनिया, डेढ़ बड़े चम्मच तेल

### विधि

बर्तन में सूजी, नमक और दही लें, थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सभी सामग्रियों को आपस में मिला लें। मिश्रण को 10 मिनट के लिए अलग रखें। 10 मिनट बाद सूजी काफी पानी सोख लेगी, सूजी हल्की होनी चाहिए। उसमें चम्मच चलाएं, यदि जरूरत लगे तो थोड़ा पानी और मिलाएं। हरी मिर्च का डंठल हटा कर उसे अच्छे से धोकर काट लें। प्याज को धो लें और फिर इसे बारीक काट लें। टमाटर को भी छोटा-छोटा काट लें। शिमला मिर्च को बीच से दो भागों में काट लें तथा इसका डंठल और बीज हटा दें। अब शिमला मिर्च को धोकर छोटा-छोटा काट लें। सूजी के घोल में कटी हरी मिर्च, हरा धनिया, टमाटर, प्याज और शिमला मिर्च डाल कर अच्छे से मिलाएं। सूजी के मिश्रण में ईनो डालें और उसके ऊपर एक छोटा चम्मच पानी डाल कर घोल को अच्छे से एक दिशा में एक मिनट तक फेंटें। अब मध्यम आंच पर एक तवा गर्म करें और जब तवा गर्म हो जाए तो इसको गीले कपड़े या फिर किचन पेपर से पोंछ लें। एक चम्मच कटोरी में सूजी का घोल लेकर लगभग 4 इंच का उत्तपम फैलाएं। दोनों तरफ से थोड़ा तेल लगा कर इसे अच्छे से सेकें। इसमें 2-3 मिनट का समय लगता है। स्वादिष्ट और पौष्टिक उत्तपम तैयार है। सर्व करने के लिए, अब इसे सांभर और नारियल की चटनी के साथ सर्व करें।

# महापौर ने किया एक करोड़ से हो रहें नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कहा-गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं







- गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोप मेंनटेन पर विशेष ध्यान दें:महापौर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा एमआईसी, पार्षद एवं निगम अफसरों के संग दुर्ग केंद्रीय जेल स्थित क्रिश्चयन कब्रिस्तान से मालवीय नगर चौक तक एक करोड़ की लागत से निर्मित की जा रही नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।बता दे कि हर वर्ष गौरव पथ में बरसाती पानी की निकासी नही होने के कारण महापौर के निर्देश पर निर्मित नाला निर्माण का बहाव मालवीय नगर नाला की तरफ जोड़ा गया है।ताकि बारिश के बहते पानी का बहाव बेहतर हो सके।तथा कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोप मेंनटेन पर विशेष ध्यान दें। उन्होने ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री एवं काम में लगी मशीनों के कारण सड़क पर आवागमन बाधित न हों, इस हेतु निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें।आज महापौर धीरज बाकलीवाल ने उक्त निर्माण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान वित्त विभाग के प्रभारी दीपक साहू,स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर, पार्षद भास्कर कुंडले, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम के अलावा उपअभियंता करण यादव,राजू बक्शी और ठेकेदार मौजूद रहें। इस समय उन्होने नाला निर्माण कार्य का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि नाला निर्माण हो जाने के पश्चात पानी का बहाव निर्वाध रूप से हो, इस हेतु स्लोप मेंनटेन करते हुए कार्य को संपादित कराएं। महापौर द्वारा ठेकेदार को कड़ी हिदायत देते हुये निर्देश दिया कि व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य करवाएं। महापौर ने निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को साफ कहा- गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, और निर्माण कार्य को तय सीमा के अंदर किये जाने के सख्त निर्देश दिये।भ्रमण के दौरान महापौर ने सड़क किनारे रिक्त स्थानों के समीप वृक्षारोपण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

# वार्ड 30 के घरों में पानी प्रेशर की जांच करने निकले अफसर, लोगों से ली जानकारी

- पानी का प्रेशर की समस्या को लेकर महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने किया वार्ड 30 का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन गंभीर है। महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर आज प्रातः जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, वार्ड पार्षद भोला महोविया, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता मोहित मरकाम, जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर ने वार्ड के रहवासियों से मिलकर उनके घरों में पानी का प्रेशर समस्या के बारे मे पूछताछ कर जानकारी ली।वार्ड पार्षद के द्वारा लगातार शिकायत के बाद वार्ड क्षेत्र के सभी घर मे जाकर पानी के प्रेशर को चेक किया गया।प्रेशर कम की शिकायत को लेकर सहायक अभियंता गिरीश दीवान ने कहा कि वार्डो में पानी की प्रेशर की समस्या को जल्द हल लिया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि नगर निगम में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी जन समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन गंभीर है। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड में नगरवासियों से मिलकर जल समस्या के बारे मे पूछताछ कर जानकारी ली गई है।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि वार्डो में पानी की समस्या नहीं होने की बात कही। साथ ही उन्होंने समस्या को तत्काल निराकरण करने की बात विभागीय अधिकारियों से की। सहायक अभियंता एवं जल विभाग के नोडल अधिकारी गिरिश दीवान ने बताया की कुछ दिनों में जिस वार्ड में प्रेशर की समस्या है जल्द निराकरण कर वार्ड के लोगों के घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा।उन्होंने बताया कि पाइप लाइन डालने का कार्य वार्डो में निरन्तर चालू है।ठेकेदार से कहा गया है कि जिन वार्डो में पाइप लाइन नही है डाला गया है।

# प्रधानमंत्री निःशुल्क डायलिसिस योजना अंतर्गत एस्काग संजीवनी द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रधानमंत्री निःशुल्क डायलिसिस योजना के अंतर्गत मात्र 02 डायलिसिस मशीने थी, इस निःशुल्क डायलिसिस योजना के अंतर्गत एस्काग संजीवनी द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में सिर्फ 50-55 डायलिसिस हो पाता था। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू से मिली जानकारी अनुसार निःशुल्क डायलिसस प्रोगाम के अंतर्गत फेयर फैक्स ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 में जिला चिकित्सालय दुर्ग को 05 मशीने प्राप्त हुई है। जिसमें वर्तमान में 350-400 डायलिसिस प्रति माह हो रहे है। जिला चिकित्सालय द्वारा आयरन सुक्रोस जिसकी कीमत 350-400 रूपये है, जिसे रोगियों को निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। जिसे समय-समय पर शासन द्वारा प्राप्त होने पर इंजेक्शन एरिथ्रोपोइटिन भी रोगियों को निःशुल्क दिया जाता है। जिसकी बाजार में कीमत 1800-2000 रूपये है। वर्तमान में किडनी के गंभीर मरीजों को डायलिसस नोडल ऑफिसर डॉ. देवेन्द्र साहू द्वारा सेंट्रल लाइन लगाया जा रहा है, जिससे रोगियों को बाहर नहीं जाना पड़ता है। यहां हेपेटाइटीस-सी के रोगियों को शासन स्तर से प्राप्त मेडिसिन भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका बाजार मूल्य 10-15 हजार रूपये है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रतिमाह लाभांवित मरीजों की संख्या 38-40 एवं प्रतिमाह डायलिसिस 350-400 होता है एवं प्रतिवर्ष लगभग 5500-6000 मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस किया जा रहा है।

# 18 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में मारी बाजी इनमें से 04 जेईई एडवांस में चयनित

## प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चे बढ़ा रहे है जिले का मान










पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 500 विद्यार्थियों को निःशुल्क अध्ययन के साथ ही साथ कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2023-24 में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत गणित विषय के 18 विद्यार्थी जेईई मेंस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें से 04 विद्यार्थी क्रमशः भावना, पूर्वा, रोशनी एवं सुनिधि जेईई एडवांस में क्वालीफाईड हुए है, इनका चयन आईआईटी में संभावित है। उक्त परीक्षा परिणाम से विभाग एवं जिला प्रशासन गौरवान्वित हुआ है। कलेक्टर चौधरी ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उक्त परीक्षा की तैयारी में कलेक्टर चौधरी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास हेमंत सिन्हा, प्रशासकीय अधिकारी एवं अध्यापन हेतु चयनित संस्था 'गुरूकृपा कैरियर इंस्टीट्यूट' का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही अपर कलेक्टर अरविन्द एक्का व संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी का विशेष सहयोग रहा। प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को अध्यापन एवं कोचिंग के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न क्रियाकलाप, व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पूर्ण किए जाने का ही परिणाम है जो उक्त बहुत अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है।

# महतारी वंदन योजना से हितग्राही हो रहे लाभान्वित

- बच्चों के पढ़ाई के खर्च में होती है मददः हितग्राही शारदा नगारची

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सरकार की महत्त्वाकां महतारी वंदन योजना से जिले के कई हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। जिनमें से एक ग्राम रानीतराई पाटन की निवासी मती शारदा नगारची महतारी वंदन योजना से बहुत खुश है। मती नगारची अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताती हैं, उन्हें योजना से हर माह 1 हजार रूपए की राशि मिलती है जिसे वह सुकन्या योजना अंतर्गत अपनी बेटी के नाम से जमा करती है और बाकी बच्चों की पढ़ाई में खर्च करती है। प्राप्त राशि से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और परिवार की देखभाल अब और अच्छे से कर पा रही है। वे कहती है छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा कर मध्यम एवं निम्न वर्ग की महिलाओं को मजबूती प्रदान किया और महिलाओं का इतना सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए आवेदन 24 जून तक

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 03 पद एवं सहायिका के लिए 01 पद की भर्ती की जाएगी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्वीकृत/रिक्त 03 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 01 सहायिका के पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 10 से 24 जून 2024 तक बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग (शहरी) पांच बिल्डिंग बाल संरक्षण गृह परिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र गौरैया पारा दुर्ग सिकोला भांठा वार्ड 14, तितुरडीह केन्द्र क्रमांक 02 वार्ड 19 एवं पचरीपारा केन्द्र क्रमांक 01 वार्ड 28 के लिए कार्यकर्ता पद तथा आंगनबाड़ी गायत्री मंदिर वार्ड 25 के लिए सहायिका के एक पद पद की भर्ती की जानी है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना से मिली जानकारी अनुसार आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जाएगी। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी)। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। निवासी होने के प्रमाण में नगरीय क्षेत्र में संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए अथवा वार्ड पार्षद तथा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड में निवासरत् रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं अथवा 11 वीं बोर्ड उत्तीर्ण हो।

# ऋण उप समिति की बैठक में 4472 करोड़ की साख सीमा एवं ऋण स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग में ऋण उप समिति एवं बोर्ड की बैठक कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं प्राधिकृत अधिकारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में बोर्ड के सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग एवं विकास साहू सहायक संचालक कृषि एवं हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहें। ऋण उप समिति की बैठक में बैंक से सम्बद्ध सेवा सहकारी समितियों को केसीसी ऋण अंतर्गत 4462 करोड़ का साख सीमा स्वीकृत किया गया जिसके अंतर्गत समितियों से किसानों को कृषि कार्य, उद्यानिकी, पशुपालन, बोर पम्प, तारफेंसिग, ट्रेक्टर ऋण, स्वयं सहायता समूह ऋण की स्वीकृति दी गयी। इसके अतिरिक्त 10 करोड़ रुपये गैर कृषि कार्य हेतु गोल्डन क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण स्वीकृत किया गया। बैठक में बोर्ड के सदस्यों द्वारा खरीफ ऋण वितरण कार्य में प्रगति लाने निर्देशित किया गया। खरीफवितरण वर्ष 2024-25 में अभी तक कुल 600 करोड़ का ऋण वितरण हो गया है।

**बोर्ड द्वारा बैंक के महत्वपूर्ण विषयों पर दी स्वीकृति**-बोर्ड की बैठक में बैंक के कालातीत ऋणी सदस्यों का एकमुश्त समझौता योजना 2023 के तहत 79 हितग्राहियों को 92.37 लाख रु. ब्याज छूट की स्वीकृति दी गई। वर्ष 2024-25 हेतु प्रति हेक्टेयर ऋणमान की पुष्टि किया गया, बैंक के उप समितियों के कार्यवाही का अवलोकन व समीक्षा किया गया, कोर बैंकिंग सिस्टम से संबंधित कार्यो की आवश्यक स्वीकृति दी गई। बैंक के निवेश, अमानतों, ऋण वितरण एवं वसूली की समीक्षा की गयी। नाबार्ड निरीक्षण एवं सांविधिक अंकेक्षण के अंतर्गत पाए गए आक्षेपो के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। नाबार्ड के दिशा निर्देशन में समितियों के कम्प्यूटराईजेशन कार्य की समीक्षा की गई जिसमें बैंक की 311 समितियों में से 167 समितियों को गो लाईव हो चकी है शेष का 30 जून तक करने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में बैंक अधिकारी कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक, राजेन्द्र रामटेके अतिरिक्त मुख्य लेखापाल, डी.बी. ठाकुर अधीक्षक, एस.पी. वाहने शाखा प्रबंधक, ए.एस.खान शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

# संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी आवासों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने भिलाई-चरौदा निगम का दौरा किया। इस दौरान निगम द्वारा किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा करने के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित ए.एच.पी. आवासों का निरीक्षण किया। उल्लेखनिय है कि भिलाई-चरौदा निगम द्वारा वार्ड क्रमांक-36 सिरसाकला में 282 नग ए.एच.पी. आवास तथा विठ्ठल पुरम भिलाई-03 में 232 नग ए.एच.पी. आवासों का निर्माण किया गया है। जिसका लॉटरी पद्धति के माध्यम से समय-समय पर आंबटन किया जाता रहा है। संभागायुक्त राठौर के द्वारा ए.एच.पी. आवासों में आबंटन हेतु शेष के संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को प्रदान किये है। गौरतलब है कि निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को दैनिक सफाई के संबंध में निर्देशित करते हुए जी.ई.रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाने संभागायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया। निगम के जल प्रदाय विभाग को नियमित रूप से वाटर टेस्टिंग करने के निर्देश संभागायुक्त द्वारा दिये जाने के साथ ही नागरिको को पीने के पानी की समस्या नही होने देने संबंधी हर प्रकार के प्रबंध करने निर्देशित किया गया है। इस दौरान निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता वैभव त्यागी, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर मौजूद रहे।

## बारिश से पूर्व पूर्ण करें मरम्मत कार्य, 30 मिनट के भीतर निर्बाध बिजली व्यवस्था की जाएं दुरूस्थः कलेक्टर चौधरी

# कलेक्टर ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, सुरक्षा के प्रबंध एवं ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता की ली समीक्षा बैठक

- विजिलेंस के माध्यम से मॉनिटरिंग कर रोकी जाएगी बिजली की चोरी, लगाए जाएंगे डिजीटल मीटर
- बिजली संबंधित शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर 1912 पर कर सकते है संपर्क, तुरंत होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिकल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, सुरक्षा के प्रबंध एवं ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता की जानकारी ली। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेन्स का कार्य किया जा चुका है। डैमेज पार्ट्स बदलने का कार्य किया जा रहा और वर्तमान मे केबल बदलने का कार्य अभी शेष है। कलेक्टर ने शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने बारिश से पूर्व बिजली संबंधित सभी मरम्मत कार्यों का शीघ्र पूर्ण करने विद्युत विभाग के अधिकारी को निदेर्शित किया। साथ ही उन्होने ग्रामीण क्षेत्र मे सुधारने लायक ट्रांसफार्मर को सुधारे जाने का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें बिजली के चलते कृषि कार्य में असुविधा ना हो। इसके साथ आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने जल जीवन मिशन में बिजली कनेक्शन हेतु लंबित कनेक्शन तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली लाइनों के 10 फ़ीट या उससे कम के दायरे में आने वाले पेड़ों की शाखाओं को चिन्हांकित कर उन्हे बारिश के पहले काटा जाएं। कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण दोनों इलाकों में बारिश के पहले बिजली व्यवस्था दुरूस्थ किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नं. 1912 से प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निदान पर बल देने कहा। साथ ही अघोषित बिजली कटौती की शिकायत मिलते ही 30 मिनट के भीतर निर्बाध बिजली व्यवस्था दुरूस्थ किए जाने के निर्देश दिए। सभी स्थानों पर नियमित वोल्टेज एवं टांसफार्मरों की जांच कर खराब टांसफार्मरों को बदलने कहा। जिले के नागरिकों के लिए बिजली के शिकायत दर्ज कराने के लिए टॉल फ्री नंबर 1912 जारी किया गया है। बैठक में बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि भिलाई, रिसाली एवं नेहरूनगर क्षेत्र में मैन पॉवर की कमी होने के कारण कार्य में विलंब होता है। जिस पर कलेक्टर ने ठेकेदार के माध्यम से लाईन मेन की उपलब्धता सुनिश्चित कर इन क्षेत्रों में नियमित जांच एवं मेन्टेनेंस कार्य करवाने को कहा। उन्होंने हुकिंग कनेक्शन के द्वारा बिजली चोरी होने के मामले की भी समीक्षा की। इससे बचने के लिए उन्होंने विजिलेंस के माध्यम से फर्जी कनेक्शन का निरीक्षण कर उन्हे बंद करने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। डिजिटल मीटर लगवाना सुनिश्चित करने को कहा। बैठक मे जिले के सभी विकासखण्ड के विद्युत विभाग के अभियंता व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# लोकहित के मामलों को गंभीरता से लें, निराकरण में लापरवाही ना करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के दिशा-सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली । कलेक्टर ने बैठक में बेमेतरा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न चरणों की विस्तृत समीक्षा की उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और किसी भी प्रकार की कमी होने पर तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए । उन्होंने समय सीमा में सभी आवास बनाने को कहा ताकि जो पात्र हितग्राही हैं उन्हें योजना का लाभ मिल सके । इसके पश्चात् उन्होंने महतारी वंदन योजना का महिला हितग्राहियों को लाभ देने के जिले में भराये जाने वाले आवेदन की स्थिति की जानकारी ली, जिस पर संबंधित अधिकारी ने बताया की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मैदानी अमलों के माध्यम से घर-घर सर्वे कर ऑफलाइन आवेदन भरवा रहे हैं साथ ही सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन भी किया जा रहा हैं । इस पर जिलाधीश ने फर्जीवाड़ा कर आवेदन भरने वालों पर जाँच करने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए । इसके पश्चात उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जिला अस्पताल में मरीजों के लिए आवश्यक दवा की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके साथ ही सीएमएचओ को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक निदेज़्श दिए। योजनाओं को प्रचार प्रसार करने को कहा ताकि योजना का लाभ ले सकें। उन्होंने जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टर को उपलब्ध रहने को कहा ताकि इमरजेंसी परिस्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें । जिलाधीश ने जिले में डेंगू और चिकनगुनिया के रोकथाम के लिए जिले में चलाये जा रहें टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली तथा स्नेक बाइट की वैक्सीन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराने को कहा । कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निदेज़्शित किया कि राजस्व विभाग द्वारा अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती, राशन कार्ड निर्माण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। कलेक्टर ने सीमांकन, डायवर्सन, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आवंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग से खरीफ वर्ष 2024 में कृषि आदान उर्वरक एवं बीज के भंडारण तथा अग्रिम उठाव के संबंध में उप संचालक कृषि को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बीज के भंडारण और वितरण के संबंध में जानकारी ली और जिन समितियों के भंडारण वितरण में कमी पायी उनसे जुड़े अधिकारियों और प्रबंधकों को शीघ्र कार्य करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि खाद बीज के संबंध में कमी या शिकायत अपने नजदीकी समिति प्रबंधक कृषि विस्तार अधिकारी या जिला कृषि कायाज़्लय से संपर्क कर सकते हैं ।

इसके पश्चात उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग की संपूर्ण विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने आगामी नए शिक्षा सत्र में शिक्षा पर जोर लाने को कहा । कलेक्टर ने आगामी नए शिक्षण सत्र में जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते कहा कि एक-दूसरे से समन्वय बनाकर सभी अपनी कतज़्व्य का निर्वहन भली भांति करें। अपने स्कूल परिसर का वातावरण स्वच्छ रखें। अपने स्कूल के बच्चों के पलकों को बुलाकर पालक-बालक बैठक आयोजित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में चर्चा कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करें। कलेक्टर ने बारिश से पूर्व बिजली संबंधित सभी मरम्मत कार्यों का शीघ्र पूर्ण करने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र मे सुधारने लायक ट्रांसफार्मर को सुधारे जाने का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हे बिजली के चलते कृषि कार्य में असुविधा ना हो। इसके साथ आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने ग्रामीण अंचल या खेतों में लटकते हुये तार कनेक्शन तत्काल ठीक कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को जिले में चल रहे अवैध शराब की बिक्री की जांच कर उन पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए । बैठक में जिले में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जरूरी उपायों पर रूप से चर्चा की गई। बैठक में खराब सड़क, पुल, पुलिया का मरम्मत, दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में विशेष सांकेतिक लगाने, मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ब्लैक स्पॉट पर रोशनी करने, रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने, खराब एवं गड्ढे युक्त सड़को को मरम्मत किए जाने, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों संबंध में चर्चा हुई एवं आवश्यक निर्देश दिए। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए नियमानुसार ड्रायविंग लायसेंस निलंबन, निरस्तीकरण करने कहा साथ ही कलेक्टर ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इसके बाद जिलाधीश ने बैठक में विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें, कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । इसी प्रकार उन्होंने जाति प्रमाणपत्र, महतारी वंदन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, धान के उठाव की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, लंबित राजस्व प्रकरणों, जनदशज़्न में लंबित प्रकरणों आदि पर विस्तार से समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निदेज़्शित किया। उन्होंने अवैध प्लाटिंग के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कायज़्वाही करने के निदेज़्श दिए ।कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से वृक्षारोपण करने को कहा एवं सभी कायाज़्लयों में पौधारोपण करने के निर्देश दिए ।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा निति व बालवाड़ी की नई मॉड्यूल पर दी गई प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व बालवाड़ी की नई मॉड्यूल पर प्रशिक्षण व चर्चा हेतु मुख्य प्रशिक्षक के रुप में शास. पूर्व माध्यमिक शाला मटका की शिक्षिका ज्योति बनाफ को आमंत्रित किया गया था। बालवाड़ी प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल आधारित शिक्षण एवं एफएलएन के उद्देश्यों को पूणज़् करना है। साथ ही उचित देख-भाल पोषण के साथ शिक्षा से जोड़ना हैं और प्राथमिक शाला में प्रवेश के लिए तैयार करना है। नवीन सत्र 2024-25 की तैयारी में जुटे प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विषयों पर नए टी.एल.एम. तथा खेल-खेल में पाठन कायज़् हेतु नई पाठ्य योजनाएं बनाई। विकास के आयामों संज्ञानात्मक विकास, आकृतियों की पहचान, ईएलपीएस 20 गणितीय कौशल विकास शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के बारे में बताए। बच्चों को उनके स्तर व गति के अनुरुप सीखने के अवसर उपलब्ध कराने के टिप्स दिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बुनियादी कौशल विकास पर जोर दिया गया है। संस्था प्रमुख ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को आगामी सत्र में नई शिक्षा नीति के साथ-साथ नई तकनीक का प्रयोग कर अपने पाठन् कौशल को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया।

## 60, वर्षों से पूर्व निर्मित कुएं का पर्षद के प्रयास से हुआ जिर्णोद्धार

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वाड.क्रमांक 08 राममंदिर वार्ड में लाला पान ठेला चौक में लगभग 55, 60, वर्षों से पूर्व निर्मित कुंआ जो कि पूरी तरह पट चुका था जिसे देख कर वार्ड के युवा पार्षद स्वप्निल तिवारी को महसूस हुआ क्यों न इस मृतप्राय कुंये की अच्छी तरह सफाई व जिर्णोद्धार करा कर उसका जल संरक्षण हेतु अभिनव पहल किया जाये ताकि पूवज़् की भांति आस पास के लोगों को निस्तारी की समस्या से छुटकारा मिल सके। इसी प्रकार पूर्व के कायकाल 2014 में पूर्व पार्षद प्रमोद तिवारी के द्वारा गायत्री मंदिर के सामने वर्षो पुराने कुंए उसका भी बी.एस.पी. प्रबंधन से अनापत्ति प्रमाण-पत्र



प्राप्त कर सफाई के साथ जिर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करा कर आम जनता के उपयोग के लायक बनाया गया था। जो आज शिव संस्कार धाम है वहां सामाजिक व धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाते हैं। आज भी वहां वर्तमान पार्षद के द्वारा जन-मानस के आवश्यकता के अनुरूप निर्माण किये जा रहे हैं। इस सभी कार्यो को पूरा करने में बी.एस.पी. प्रबंधन एवं नगर पालिका का सराहनीय सहयोग रहा है। वर्तमान में उपरोक्त कुंए की सफाई के साथ निर्माण कार्य जैसे कुंए को घेरते हुए तीन तरफ दिवाल बना कर भविष्य में जल से होने वाली परेशानी को देखते हुए जल बचाओ वाले वाल म्युरल आर्ट के माध्यम से संदेश भी दिया जायेगा साथ ही कुंए को जाली से ढक कर रखा जायेगा ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही पूर्व की भांति कोई भी उसमें कुड़ा करकट व ईंट पत्थर ना डाल सके इसी प्रकार जब ये कुंए का निर्माण हुआ था तब बी.एस.पी. प्रबंधन द्वारा नगर के बहुत से वार्डो में वार्डवासियों के पेयजल व निस्तारी हेतु कुंओं का निर्माण किया गया था परन्तु आज लगभग सभी मृतप्राय हो चुके हैं अगर हम सब मिलकर दृढ़ इच्छाशक्ति से संकल्पित होकर कोशिश करेंगे तो निश्चित ही इनको पुनजीज़्वित किया जा सकता है।

## लगातार गरमाता जा रहा बी ई एम एल के ठेका श्रमिकों का मुद्दा

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बी ई एम एल के ठेका श्रमिकों के कार्य के वर्गीकरण का मुद्दा लगातार गरमाता जा रहा है। भारतीय जनता पाटीज़् के नेता श्याम जायसवाल ने बी ई एम एल में कायज़्रत्त 99 श्रमिकों के वर्गीकरण के मुद्दों पर समथज़्न करते हुए जन मुक्ति मोर्चा के मांग को जायज बताया है। श्याम जायसवाल ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व डौंडी लोहारा छाया विधायक देवलाल ठाकुर से फोन पर चर्चा कर दल्लीराजहरा के 99 श्रमिकों को न्याय दिलाने पहल करने निवेदन किया जिसके बाद देवलाल ठाकुर ने आश्वस्त किया कि बालोद भाजपा




जिला अध्यक्ष पवन साहू के साथ चचाज़् कर जनमुक्ति मोर्चा के साथियों को हम जल्द ही मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री से मुलाकात करा इस समस्या का समाधान करेंगे। पिछले 5 सालों से सी एल सी द्वारा मजदूरों के वगीज़्करण का आदेश बीएसपी प्रबंधन व बी ई एम एल को दिया गया है। उसके बाद भी अब तक मजदूरों को मेनेजमेंट द्वारा घुमाया जा रहा और मजदूरों का शोषण किया जा रहा। जन मुक्ति मोचाज़् इसके लिए सालों से लगातार प्रयास कर रहा है। श्याम जायसवाल ने कहा कि पूवज़् में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी। इसलिए पिछले 5 सालों से मजदूरों को उनका हक नही मिल सका । युवा नेता श्याम जायसवाल ने भी श्रमिकों के मांगों का समथज़्न करते हुए कहा कि तत्कालीन सांसद मोहन मंडावी ने भी इस मामले को जल्द निपटाने हेतु निदेज़्शित किया था किंतु आदशज़् आचार संहिता लागू होने के कारण मामला अटक गया था । वतज़्मान में भोजराज नाग सांसद बन गए है। उन्हें भी इस मामले से अवगत करा जल्द इस मामले का समाधान किया जायेगा । भाजपा सरकार में किसी भी मजदूर भाई को परेशान नही होना पड़ेगा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदैव मजदूरों के पक्ष में निर्णय करते हैं। इस मुद्दे को लेकर भाजपा के युवा नेता श्याम जायसवाल , जन मुक्ति मोर्चा के सचिव बसंत रावटे, श्रमिक नेता संजय सिंह, विजय सिंह ने जिलाधीश से मुलाकात कर विगत 5 वषोज़् से लंबित मामले का निराकरण करवाने का अनुरोध किया। श्याम जायसवाल से मुलाकात के बाद बालोद जिलाधीश इंद्रजीत सिंह चंद्रावाल ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए दल्लीराजहरा के एस डी एम सोनकर से तत्काल इसी हफ्ते बीएसपी की बैठक बुला इस मामले का समाधान करने निदेज़्शित किया है।

## 13 जून को दो पालियों में होगी पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. प्रवेश परीक्षाएं

### बेमेतरा जिला अंतगज़्त कुल 1553 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 13 जून 2024 दिन गुरूवार को प्रथम पाली में प्रातः 09:00 बजे से 12:15 बजे तक पी.ई.टी. एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से 05:15 बजे तक पी.पी.एच.टी. भर्ती परीक्षा 2024 आयोजित की गई है। जिसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत कुल 1553 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतगज़्त कुल 03 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें (1) शास.पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा (2) लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शास. कन्या महाविद्यालय बेमेतरा (3) शासकीय बालक उ. मा. विद्यालय, बेमेतरा सम्मिलित हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें तथा व्यापम से प्राप्त निदेशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाईल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात् पुनः सुरक्षित जमा करने हेतु पयज़्वेक्षक की नियुक्ति करते हुए पयाज़्प्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

## यादव समाज को केबिनेट विस्तार में स्थान दिया जाए : नरेन्द्र

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतवषीज़्य यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को स्मरण पत्र भेज कर आगामी मंत्रीमंडल विस्तार में दुगज़् विधायक गजेन्द्र यादव को केबिनेट मंत्री बनाये जाने की मांग की है , नरेन्द्र कुमार यादव ने मांग पत्र में लिखा है कि रायपुर दक्षिण के कददावर विधायक व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा सांसद बनने के कारण उनकी जगह पिछड़ा वगज़् से विधायक गजेन्द्र यादव को केबिनेट मंत्री बनाया जाना आवश्यक है , यादव समाज की 22 लाख आबादी की बहुलता को प्राथमिकता के साथ मंत्रीमंडल में जगह देकर विधायक गजेन्द्र यादव को केबिनेट मंत्री बनाया जाना चाहिए , वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के आरएसएस प्रमुख बिश्राराम यादव के पुत्र गजेन्द्र यादव को केबिनेट मंत्री बनाये जाने से यादव समाज गौरवान्वित महसूस करेगा , यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव ने पत्र में लिखा है कि पिछड़ा वगज़् की आबादी में यादव समाज 22 लाख आबादी के साथ समाजिक जनगणना में दुसरे स्थान पर होने के बावजुद लोकसभा चुनाव और राज्य सभा चुनाव मे टिकट नहीं देना और सत्ता में भागीदारी नहीं मिलना यादव समाज के लिये घोर चिंता का विषय है , मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से निवेदन करते हुए लिखा गया है कि यादव समाज को मंत्रीमंडल विस्तार में और आयोग निगम मंडल गठन में सम्मानजनक पद दिया जाना आवश्यक है ।

## तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर विधायक दीपेश साहू ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू बिलासपुर क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद तोखन साहू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर दिल्ली के छत्तीसगढ़ भवन पहुंचकर गुलदस्ता भेटकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया ।

विधायक दीपेश साहू ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में तोखन साहू को शामिल किए जाने पर खुशी जाहिर



करते हुए तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताया और कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी राजनीतिक दल है जो अपने सामान्य कार्यकर्ताओं को फर्श से अर्श तक ले जाती है द्य तोखन साहू का केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना एक माटी पुत्र के तौर पर अन्न दाताओ का सम्मान है द्य साहू को मंत्रिमंडल मे प्रतिनिधित्व देकर न केवल पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के प्रति अपने आत्मीय लगाव का परिचय दिया बल्कि एक किसान पुत्र को मंत्री बनाकर छत्तीसगढ़ की कोटि कोटि जनताओं की भावनाओं का सम्मान किया द्य और यह छत्तीसगढ़ के लिए बेहद सुखद अनुभति है साहू ने कहा की यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव शाली छण है साहू को केंद्रीय मंत्री मण्डल मे प्रतिनिधित्व मिलना सम्पूर्ण प्रदेशवासियों के लिए हर्ष का विषय है द्य हम सब मिलकर विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने के लिए काम करेंगे द्य देश प्रदेश को विकाश की एक नई उचाईयो पर ले जायेंगे ।

## ढीला है चावल का बाजार, खंडा, बढ़ा रहा हिस्सेदारी

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कीमत भले ही ठहरी हुई हो लेकिन ढीला है चावल का बाजार। उठाव की संभावना चालू माह के अंत में ही बनती नजर आ रही है। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार खंडा की हिस्सेदारी बराबरी पर पहुंच चुकी है। यह इसलिए क्योंकि इसकी खरीदी पर आधे पैसे ही देने पड़ रहे हैं। शांत चल रहा चावल, प्रतीक्षा कर रहा है, बेहतर मांग निकलने का। प्रतीक्षा उस समय की है, जब स्कूल खुलेंगे और खेती बाड़ी के दिन शुरू होंगे। यह इसलिए क्योंकि यह समय चावल में बेहतर मांग के माने जाते रहे हैं। शहरी मांग तो माह के अंत में महज एक सप्ताह में पूरी हो जाती है लेकिन ग्रामीण मांग नई फसल के तैयार होने तक बनी रहती है।

### हिस्सेदारी बढ़ा रहा खंडा

साबुत की तुलना में खंडा चावल की कीमत लगभग आधी ही है। इसलिए अब इसमें मध्य आय वगज़् का उपभोक्ता भी खरीदी को लेकर रुझान दिखा रहा है। ऐसे में चावल की



कुल मांग का लगभग 50 फ़ीसदी हिस्सा इसने अपने नाम कर लिया है। इसकी वजह से भी चावल की मांग ढीली है।

### आ रहे पैक में

बढ़ती मांग को देखते हुए चावल इकाइयां अब छोटे पैक में भी खंडा चावल की उपलब्धता तय करवाने लगीं हैं। कीमत का आधा होना, बढ़ते बाजार की बड़ी वजह मानी जा रही है। इस बीच सबसे ज्यादा मांग वाला एचएमटी का खंडा 35 से 40 रुपए किलो, सियाराम 38 से 44 रुपए और विष्णुभोग 43 से 45 रुपए किलो पर स्थिर है।

### विष्णुभोग 75 रुपए किलो

मांग का दबाव भले ही खंडा में माना जा रहा हो लेकिन चावल में विष्णुभोग 75 रुपए किलो की कीमत के साथ अभी भी शीषज़् पर है। उपभोक्ता रुझान एचएमटी में जरा कम ही है, इसके बावजूद यह 55 से 60 रुपए किलो पर मजबूत है। सियाराम में 65 रुपए किलो बोला जा रहा है। अलबत्ता सरना फ्रेश 32 रुपए किलो पर शांत है। कम ही बिकता है काली मूंछ लेकिन यह भी 55 से 60 रुपए किलो पर पहुंचा हुआ है।

### इंतजार बेहतर दिन का

माचज़् के अंतिम सप्ताह से ढीला चल रहा चावल बाजार को इंतजार है, नया शिक्षा सत्र शुरू होने और खेती-बाड़ी के दिन चालू होने का क्योंकि यह समय चावल बाजार के लिए मांग के दिन माने जाते रहे हैं। कीमत में और वृद्धि की संभावना नहीं है क्योंकि चालू भाव पहले से ही तेज माना जा रहा है।

## ट्यूवेल साधन वाले किसान रोपाई के लिए बीज डालना शुरू

**महासमुंद/ नर्रा।** अंचल मे इन दिनो ट्यूवेल साधन वाले कृषको ने खरीफ फसल के तैयारे मे जुटे बताया जाता है कि इस क्षेत्र के साधन वाले किसान खेतो की साफ सफाई के बाद अब ट्यूवेल से खेत पर पानी छोड़ा जा रहा है । टेक्टर व रोटोवेटर से जुताई व मताई करने के बाद रोपाई के लिए बीज का छिड़काव किसान कर रहे है । अच्छी पैदावार अच्छी उत्पादन के लिए हाईब्रिरिड धान मे पान जामूना संपदा सरना के अलावा एक हजार एक लाल सफेद सरना छोटा किस्म मे हजार दस 1156 भाठा एचएमटी सिलकी मंजू गोल्ड जैसे इन धान बीजो की मांग अधिक होता है और किसान इसे बोता हो या रोपाई करना बहुत प्रसंद करते है । इस क्षेत्र मे ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष भीमसेनी एकादशी के पहले अधिकांश किसान रोपा के लिए खेत पर बीज डालना शुरू भी हो गया है ।

## विधायक इंद्र साव ने समाज के लोगो से की शांति की अपील




पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा विधायक इंद्र साव ने बलोदाबाजार में हुई आगजनी तोड़फोड़ की घटना पर सतनामी समाज के लोगो से शांति और अमन चैन बनाने की अपील की है, साव ने इस दुघज़्टना को दुभाज़्यपूणज़् बताते हुए कहा कि प्रशासन ने अगर समय रहते आवश्यक कदम उठाए होते तो लोगों को ना तो कोई नाराजगी होती और ना ही इस प्रकार की घटना घटित होती।प्रशासन चाहता तो घटना को इस हद तक जाने से रोका जा सकता था. विधायक इंद्र साव ने बलोदा बाजार में घटित घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि सतनामी समाज पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के बताए शांति और सद्भाव के रास्ते पर चलने वाला समाज है। मैं समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं । साव ने इस मसले पर प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि 25 दिनों पहले असामाजिक तत्वों द्वारा पवित्र जैत खंभ को नुकसान पहुंचाने के मामले मे अगर समय पर त्वरित कठोर कारज़्वाई की गई होती तो शायद यह दुभाज़्यपूणज़् घटना घटित नहीं होती । उन्होंने समाज के लोगो से संयम और शांति बनाए रखने की अपील की है।

# शासकीय भूमि पर कब्जा कर स्कूल भवन बना रहे शासकीय कर्मचारी



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करनौद मे इन दिनो शासकीय भूमि पर कब्जा कर कही स्कूल भवन तो कही आलीशान मकान बनाने की होड़ मची हुई है करनौद के ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार करनौद के बिजली विभाग के सब स्टेशन के बगल की शासकीय भूमि पर कब्जा कर प्राइवेट स्कूल भवन बनाने का काम किया जा रहा है ग्रामीणो ने बताया कि दो शासकीय कर्मचारी ही शासकीय भूमि पर कब्जा कर स्कूल भवन बनवा रहे है तो वही ग्रामीणों का यह भी आरोप है की पंचायत प्रतिनिधि को भी लाखो रूपए दिया गया है ताकी वह किसी तरह की शासकीय भूमि पर कब्जा करने पर रोक टोक न करे पंचायत प्रतिनिधि पर लेन देन कर शासकीय भूमि पर कब्जा करने के लिए लगा आरोप ग्रामीण पहले आरोप लगा चुके है तो वही राजस्व विभाग भी अंजान बना बैठा है। ग्राम पंचायत करनौद की शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले लोगो की बाढ़ सी आ गई है लोग शासकीय भूमि पर लगातार कब्जा कर स्कूल भवन मकान दुकान का निर्माण कार्य कर रहे है वही इनको रोकने वाला कोई नहीं है जिसके चलते करनौद मे शासकीय भूमि कब्जा धारियों के कब्जा मे चली गई है।

स्कूल भवन के लिए 40 डिस्मील का प्रस्ताव दिया गया है नियम है इस लिये दिये है

**-भुवन कुम्हार**
**सचिव ग्राम पंचायत करनौद**

स्कूल भवन बनाने के लिए 35 डिस्मील का प्रस्ताव ग्राम पंचायत से मिला है प्रस्ताव सरपंच सचिव ने दिया है तीन लोग मिल कर स्कूल बनवा रहे है जमीन सरकारी है

**-रवि जलतारे करनौद**

### सेवा सहकारी समिति व भारतीय डाक विभाग मे पदस्थ हैं बेजा कब्जा धारी

करनौद के ग्रामीणो ने बताया की जिन व्यक्ति यों के द्वारा शासकीय भूमि पर अति मण किया जा रहा है वह दोनो युवक शासकीय सेवक है जिसमे से एक भारतीय डाक विभाग मे तो एक सेवा सहकारी समिति मे पदस्थ है इन दोनो व्यक्ति यो के द्वारा वन विभाग के छोटे झाड़ की जंगल की जमीन पर अति मण कर प्राइवेट स्कूल भवन बनवाने का काम किया जा रहा है

### पंचायत से मिला बेजा कब्जा करने का अधिकार पत्र

जिन व्यक्ति यों के द्वारा शासकीय भूमि पर स्कूल भवन बनवाया जा रहा है उन व्यक्ति यो को ग्राम पंचायत करनौद से 40 डिस्मील का प्रस्ताव दिया गया है ताकी वह स्कूल भवन बनवा सके पर अति मण कारी शासकीय कर्मचारीयो ने 40 डिस्मील का प्रस्ताव पाके अधिक वन विभाग के छोटे झाड़ के जंगल की जमीन पर अतिक्रमण कर भवन बना रहे है जिसे लेकर गांव मे काफी आक्रोश पनप रहा है।

# शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण, युवती के आवेदन पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

## दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं पर आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com



थाना चक्रधरनगर में थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती अपने परिजनों के साथ थाना आकर ग्राम गोर्वधनपुर में रहने वाले निखिल (22 साल) पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट आवेदन देकर दर्ज कराया गया । पीड़ित युवती ने बताया कि वर्ष 2020 से निखिल को जानती है, उसकी बहन के माध्यम से निखिल से जान परिचय हुआ था । निखिल से बातचीत होती थी और निखिल पसंद करता हूं शादी करूंगा बोला था। मई 2020 को निखिल शहर घूमने जाने के लिए बहाने से बुलाया और अपने घर ले जाकर शादी करने का विश्वास दिलाकर शारीरिक संबंध बनाया। युवती ने बताया कि उस समय वो नाबालिग थी। बालिग होने पर घरवालों को निखिल के बारे में बताई, तब घरवाले निखिल के घर शादी का प्रस्ताव लेकर गये थे, निखिल और उसके घरवाले शादी के लिए राजी थे पर अब निखिल शादी से इंकार कर मरने-मारने की धमकी देता है। युवती के आवेदन पर आरोपित निखिल पर अप.क्र. 285/2024 धारा 376(2)(ढ),366,506 आईपीसी, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। नाबालिग एवं महिला संबंधी अपराधों की समयसीमा में विवेचना को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप तत्काल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी निखिल पिता दयानिधि, 22 साल गोवर्धनपुर थाना चक्रधरनगर के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर अपराध कायमी के 06 घंटे के भीतर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# कृषि समितियों से खाद-बीज उठाने में किसानों को न हो परेशानी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा है कि खाद बीज के उठाव में किसानों को समिति स्तर पर कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी तरह के खाद एवं बीज इन समितियों में हमेशा उपलब्ध रहनी चाहिए। खेती किसानी का मौसम शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में किसान अब सोसायटी पहुंचने लगे हैं। कलेक्टर शरण मंथन सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता सहित लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर ने बैठक में बरसात के दौरान पौधरोपण कार्य की तैयारी की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कोरबा स्थित सीपेट में दाखिला के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के युवाओं का खर्चा प्रशासन उठायेगा।



डीएमएफ मद से उनकी फीस सहित रहने-बसने और खाने की इंतजाम भी जिला प्रशासन करेगी। इस साल कम से कम 25 बच्चों का लक्ष्य लेकर इस वर्ग के युवाओं को चिन्हित करना सुनिश्चित करें। कक्षा बारहवीं में पीसीएम विषयों के साथ उत्तीर्ण युवाओं को इस कोर्स में प्रवेश दिया जाता है। इसमें डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद अच्छे तनख्वाह पर निजी क्षेत्र में नौकरी की संभावना रहती है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना का शत प्रतिशत संचालन महिला समूहों के हाथों में होने चाहिए। सभी एसडीएम इस दिशा में जल्द कार्य करते हुए आवंटित करें। उन्होंने कहा कि विशेषकर शहरी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि की जरूरत है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को प्राथमिकता के साथ भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस माहांत तक मेगा प्लेसमेन्ट कैम्प की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। कम से कम 1000 युवाओं को प्लेसमेन्ट करने के साथ तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया की प्रदेश की नयी कार्यकारिणी की कार्यशाला संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के छत्तीसगढ़ चैप्टर की नई कार्यकारिणी ने 8 और 9 जून को आयोजित छत्तीसगढ़ इंटरवेंशन कौंसिल में अपना पदभार सम्हाला, डॉ एस एस मोहंती ने प्रेसिडेंट और डॉ निखिल मोतीरमानी ने सेक्रेटरी ऑफ़ एसोसिएशन की शपथ ली, छत्तीसगढ़ इंटरवैनशन कांऊसिल की दो दिन की कार्यशाला में दूसरे दिन भारत के कई प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट शामिल हुए, होटल मैरियट रायपुर में आयोजित हुई इस कार्यशाला में सभी प्रदेश के डॉक्टर को नयी तकनीकों के बारे में जानकारी मिली। दिल्ली भोपाल से आए प्रसिद्ध डॉक्टर छत्तीसगढ़ प्रदेश में हृदय रोग में चल रहे उपचार और आधुनिक तकनीक का इस्तमाल देख काफ़ी खुश हुए, इसमें दिल्ली से डॉ मोहन भार्गव,भोपाल से डॉ आर के सिंह और डॉ मनोरिया, नागपुर से डॉ देशपांडे और डॉ पठान ने अपनी प्रस्तुति पेश की,कार्यशाला का आयोजन डॉ जावेद अली ख़ान और डॉ स्मित श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रदेश से डॉ सूर्यवंशी, डॉ सामल, डॉ रत्नानी, डॉ बख्शी, डॉ स्नेहिल , डॉ मनोज और बाक़ी सभी डॉक्टर्स शामिल हुए। प्रदेश से क़रीब 100 से ज्यादा डॉक्टरों ने शिरकत कर अपने तकनीकों और आधुनिक हृदय रोग इलाज की जानकारिया साझा की। नयी तकनीकों के उपयोग से यह फ़ायदे हमारी छत्तीसगढ़ की जानता यही पे हर तरह के जटिल इलाज का लाभ उठा सकती है।

# राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में संस्कार स्कूल ने फतह फहराया



- **जैजैपुर के बच्चे से लेकर जवान हर क्षेत्र में अपना निखार फैला रहे हैं**

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

संस्कार सेन्ट्रल विद्यालय जैजैपुर के विद्यार्थियों ने पुरी उड़ीसा के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में परचम लहरा संस्था के छात्र ख्याति देवांगन कथक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त की वही श्रेया राय- दृष्टि यादव एवं भूमि खुटे तृतीय स्थान पर रही बॉलीवुड डांस में कल्पना चंद्रा एवं गीता चंद्रा जॉ की जनपद उपाध्यक्ष उमाशंकर चंद्रा की सुपुत्री हैं प्रथम स्थान प्राप्त की इस प्रकार शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में संस्था के साथ-साथ पूरे क्षेत्र जैजैपुर का नाम रोशन की संस्कार सेंट्रल स्कूल के नृत्य प्रशिक्षक नाथू का कुशल मार्गदर्शन से इतनी बड़ी उपलब्धि संभव हो सकी उनके साथ प्रयास से संस्था के साथ जय जैजैपुर क्षेत्र के बच्चे नृत्य में निखार रहे हैं शास्त्रीय नृत्य में इतनी बड़ी उपलब्धि के लिए प्राचार्य एस एल नापित, मनोज यादव राय कर उमाशंकर के साथ-साथ बालक एवं शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है।

### बिना हेल्मेट बाइक चालक का कटेगा चालान और पुलिस देगी फ्री हेल्मेट

**रायगढ।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर सड़क हादसों में कमी लाने और हादसों में मृत्यु दर को कम करने यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई। इस विशेष अभियान में यातायात पुलिस आने वाले 15 दिनों तक बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले बाइक चालकों का चालान कटेगी और उन्हें निशुल्क हेलमेट प्रदाय किया जावेगा जिसके बाद बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों पर पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के सामाजिक संगठनों और उद्योगों के सहयोग से यातायात पुलिस यह विशेष अभियान चला रही है जिसमें सामाजिक संगठनों और उद्योगों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने चालान काटे हुए कई बाइक चालकों को फ्री में हेलमेट प्रदान किया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश चंद्रा तथा सहयोगी फर्म के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# शादी. कॉम के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



रामचरण यादव निवासी मिस्दा के द्वारा थाना नवागढ़ आकार रिपोर्ट दर्ज कराया की क्रांति कश्यप, शरद कश्यप, योगेश्वर के द्वारा शादी कॉम में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखा देकर प्रार्थी इंडसंड बैंक में झारखंड ले जाकर प्रार्थी का खाता खुलवाया और प्रार्थी से 5000 / रूपया भी लिए खाता खुलवाने के बाद उक्त खाता को ATM को आरोपीगण अपने पास रख लिए, जब खाता में अत्यधिक पैसे ट्रांजेक्शन होने से और मोबाइल में मैसेज आने से प्रार्थी के द्वारा आरोपियों को पूछा गया की इतना पैसा कैसे ट्रांजेक्शन हो रहा हैं तब आरोपीगण के द्वारा तुम्हारा नौकरी लगेगा उसपे मतलब रखो बोलकर कुछ नही बताए, जल्द तुम्हारा नौकरी लगवा देंगे बोले, जब प्रार्थी को यह एहसास हुआ की इसके खाता का गलत उपयोग हो रहा है तब वह बलौदा बाजार जाकर अपने खाता को बंद करवा दिया। प्रार्थी के खाता में ठगी के रकम 5,21,000 रू को अपने पुराने खाता में रख लिया। तब आरोपियों के द्वारा डरा धमकाकर प्रार्थी से 4,68,000/ रूपया को वापस ले गए जिस पर से थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 108/23 धारा 420,384,34 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी योगेश्वर, क्रांति कुमार कश्यप, शरद कश्यप की गिरफ्तारी हो चुकी है उक्त आरोपियों से पूछताछ करने पर बताए की ओमप्रकाश श्रीवास निवासी कुरियारी के साथ मिलकर ये लोग घटना को आजम देते थे और लोगो से ठगी करते थे जो पैसा मिलता था उसको किराए में लिए अकाउंट में डलवाते थे और खा पीकर मौज मस्ती करते थे। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी नवागढ़ पामगढ़ के मार्गदर्शन में आरोपी ओमप्रकाश को पकड़ने हेतु मुखबिर तैनात किया गया था जो मुखबिर सूचना पर ओमप्रकाश श्रीवास निवासी कुरियारी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो ठगी किए पैसे किराए के अकाउंट में आता था जो हिस्सा ओमप्रकाश को मिला उसको खा पीकर मौज मस्ती अपने साथीयो के साथ किया है एवम एक अपाचे मोटर सायकल ओम प्रकाश के द्वारा खरीदा गया था जिसे जप्त किया गया हैं, एवम आरोपी को 10/6/24 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा एस आई रमेश एक्का प्रधान आर. स्वाति गिरोलकर राधेश्याम पूर्णा आरक्षक टूकेश्वर डड्सेना, संजय टंडन, श्याम कुमार शांतेय, सायबर से विवेक सिंह महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ग्राम कुटराबोर के निवासियों ने अपनी मांग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शौचालय की राशि की दिलाने की ज्ञापन सौपा

# नौ वर्षों से पड़ा है शौचालय निर्माण का प्रोत्साहन राशि की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटराबोर में 2020 से 2024 के मध्य में शौचालय निर्माण को लेकर बनाए गए शौचालय राशि को मांग को लेकर यहां पर ग्राम पंचायत कुटराबोर के महिलाओं ने जनपद पंचायत जैजैपुर में आकर ज्ञापन सौपा उन्होंने यदि हमारी राशि इस माह के अंतर्गत न दिये जानै पर चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने ग्राम पंचायत सरपंच के खिलाफ गंभीर आरोप भी लगे और गंभीर आरोप भी लगाए और कहा कि तीन - तीन रूपये कि मांग सरपंच के द्वारा किया गया। वहीं पर कुछ महिलाओं ने आज से नौ वर्ष पहले



स्वयं के द्वारा निर्मित निर्माण किया गया की प्रोत्साहन राशि को लेकर भी बात कहे जहां पर एक दूसरों के विरोधाभास शब्दों का आना हुआ आज से लगभग 9 वर्ष पहले पूर्व सरपंच के द्वारा निर्माण का पैसा अभी तक वर्तमान सरपंच को सही रूप से नहीं दिया गया वर्तमान सरपंच चेतन बंजारे ने कहा कि मुझे पूर्व सरपंच के द्वारा 4,00,000 रूपये के आसपास की राशि के बारे में बताया और बहुत सारे ग्रामीणों के द्वारा पैसे की मांग किया जा रहा है उतना मैं राशि कहां से दूंगा मेरे पास जितना राशि शौचालय का है उसे मैं आप लोगों को दूंगा और मैं इसे किस तरह से दुगा आप लोग मुझे ही बताएं मैं अपना जो मेरे फंड में पैसा है उसे देने मैं ग्रामीणों को देने को तैयार हूं कुछ ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि सरपंच हम लोगों सै पैसा कि मांग किया गया और हम लोगों ने भी पैसा चेतन बंजारे को दिया लेकिन अभी तक हम लोगों को जो प्रोत्साहन राशि है अभी तक पर्याप्त नही है । जबकि हम लोगों ने यह भी कहा कि उसमें की राशि काटकर हमें सरपंच के द्वारा राशि लेने के बाद भी हम लोगों को आज तक शौचालय निर्माण की राशि अब तक प्राप्त नही है। जिसकी इस एक शिकायत हम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयजयपुर के पास आए हुए हैं इस प्रकार से एक साथ 2020 से पहले 1/7 /2020 भी आवेदन पत्र दे दिया जा चुका है और आज पुनः उसी को स्मरण करने के लिए दे रहे हैं ताकि हम ग्राम पंचायत कुटराबोर के निवासियों को शौचालय निर्माण का प्रोत्साहन राशि दिया जाए। यदि हम लोगों को अपना शौचालय निर्माण का राशि नहीं मिलती है तो आने वाले जुलाई 2024 में चक्का जाम करेंगे इस तरह ।से हम सब महिलाएं निर्णय लिए हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
### जोन क्रमांक-1, संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी
E-mail :- rmczone1@gmail.com

## // निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 03/न.पा.नि./जोन क्र. 1/2024 रायपुर दिनांक 10/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें एस.ओ.आर दर के आधार पर दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 01/07/2024 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 01 में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 24/06/2024 शाम 4:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा करने उपरांत दिनांक 25/06/2024 को निविदा प्रपत्र जारी किये जायेगें। प्राप्त निविदायें दिनांक 02/07/2024 को दोपहर 12.00 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

प्रथम आमंत्रण सूचना

| क्र. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित व्यय (लाख में) | अमानती राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र | समयावधि | एस.ओ.आर. / अन्य पंजीयन | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड क्र. 15 अंतर्गत शिवानंद नगर आकाश गैस गोदाम क्षेत्र में पंचमुखी हनुमान मंदिर से नहरीपट्टी तक नाली निर्माण कार्य। | विकास शुल्क | 5.33 | 8000.00 | 750.00 | A | 03 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 2 | नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड क्र. 15 अंतर्गत डी.डी. नगर गली नंबर 05 में रोड निर्माण कार्य। | विकास शुल्क | 3.34 | 5000.00 | 750.00 | A | 03 माह | PWD Road SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 3 | जोन कार्यालय अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग में आवश्यक मरम्मत/संधारण कार्य। | संधारण मद | 2.00 | 3000.00 | 300.00 | A | 02 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 4 | जोन क्र. 01 स्थित उद्यानों के क्षतिग्रस्त झुला, जिम इत्यादि मरम्मत/संधारण कार्य। | संधारण मद | 3.00 | 4500.00 | 750.00 | B | 03 माह | NON SOR | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 5 | जोन कार्यालय में कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता कक्ष हेतु पार्टीशन शौचालय मरम्मत कार्य, पेटिंग तथा अन्य आवश्यक कार्य। | संधारण मद | 1.00 | 3000.00 | 300.00 | A | 02 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 6 | वार्ड क्र. 15, 17 व 18 में 450 व 300 डाया पाईप में वाल्व लगाने व इंटरकनेक्शन कार्य। | सामान्य मद | 7.72 | 7800.00 | 750.00 | A | 03 माह | PHE SOR 2020 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 7 | बम्लेश्वरी नगर में उद्यान निर्माण कार्य। | अधोसंरचना मद | 10.00 | 10000.00 | 750.00 | A | 04 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 8 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रं. 18 अंतर्गत अंबेडकर चौक के पास उड़ीया बस्ती में पाईप लाईन विस्तार कार्य | संधारण मद | 1.80 | 3000.00 | 300.00 | A | 02 माह | PHE SOR 2020 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 9 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रं. 18 अंतर्गत बापू की कुटिया में संधारण कार्य। | संधारण मद | 2.27 | 3400.00 | 750.00 | A | 03 माह | PWD SOR 01.01.2015 & ELECTRICAL SOR 2020 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |

**निविदा की शर्ते :-**

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-01, से प्राप्त की जा सकती है एवं वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक-1,**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**



# अभिनय के बाद अपनी सुरीली आवाज के लिए तारीफ बटोर रहीं अदा शर्मा

अदा शर्मा ने अपने अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। 1920 से डेब्यू करे के बाद कमांडो 2, कमांडो 3 और सेल्फी जैसी फिल्मों में काम किया। इसके बाद 2023 में फिल्म द केरल स्टोरी ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। इस फिल्म में वह शालिनी उन्नीकृष्णन की भूमिका में दिखीं। उनके अभिनय से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन इस वक्त सोशल मीडिया पर अदा की गायिकी की तारीफ हो रही है।

## भक्ति विभोर होकर गाया भजन

अदा शर्मा हाल ही में मुंबई में नए अपार्टमेंट में शिफ्ट हुई हैं। यह वही अपार्टमेंट है, जहां दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत रहा करते थे। अभिनेता का निधन इसी घर में हुआ। इसके बाद इस घर को लेकर तमाम अफवाहें फैलीं। काफी वक्त तक इस घर को किराएदार नहीं मिले। मगर, अदा शर्मा ने इस घर में शिफ्ट होने का फैसला लिया। अभिनेत्री यहां रह रही हैं और उन्हें यहां काफी सकारात्मक ऊर्जा महसूस हो रही है। इस घर से अदा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे राम भजन गाती दिख रही हैं।

## यूजर्स दे रहे अदा को दुआ

अदा शर्मा अपने घर के मंदिर के सामने बैठी नजर आ रही हैं। वह भक्ति विभोर होकर सुरीली आवाज में राम भजन गा रही हैं। सफेद रंग के परिधान में अदा की सादगी भी दर्शकों को प्रभावित कर रही है। यह वीडियो विरल भियानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की है। इस पर यूजर्स अदा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उन्हें दुआएं दे रहे हैं कि यह घर उनके लिए सुख-समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए।
घर में शिफ्ट होने से पहले कराए ये बदलाव इस घर में शिफ्ट होने के बाद अदा शर्मा ने एक बातचीत के दौरान कहा था कि उन्हें यहां काफी सकारात्मक ऊर्जा महसूस होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घर में शिफ्ट होने के बाद अदा ने इस घर में कुछ बदलाव भी कराए। अदा ने पूरे घर में व्हाइट रंग कराया है। घर में काफी कम फर्नीचर रखा है। रिपोर्ट्स के अनुसार अदा ने मंदिर का निर्माण घर के नीचे के हिस्से में कराया है। अदा को डांस एंड म्यूजिक का शौक है, उन्होंने इसका भी ख्याल रखा है। ऊपर के फ्लोर्स पर म्यूजिक एंड डांस स्टूडियो बनवाया है। छत पर खूबसूरत सुंदर टेरेस गार्डन है।



# ऐसा नहीं होना चाहिए कि हीरो हो तो सिर्फ ऋतिक रोशन जैसा

ऐक्टिंग की दुनिया में पैर जमाने के लिए उल्का गुप्ता ने महज सात साल की उम्र से ऑडिशन देने शुरू कर दिए थे। हालांकि, सफलता पाने में कई बार उनका सांवला रंग भी रिजेक्शन की वजह बना, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। यही वजह है कि इंडस्ट्री में अपनी पहचान पुख्ता करने के बाद उल्का ने फेयरनेस क्रीम का ऐड करने से मना कर दिया था। वह कहती हैं, 'फेयरनेस क्रीम बनाने वाली कंपनियां हमारी असुरक्षा से खेलती हैं। श्रेष्ठता के पैमाने को शरीर के रंग की बजाए इंसान की काबिलियत, विचार और उसके योगदान से तौलना चाहिए।'

## चमड़ी के रंग को गाली की तरह बना दिया है

ये जो फेयरनेस क्रीम बनाने वाली कंपनियां हैं, वो हमारी असुरक्षा के साथ खेलती हैं। मेरे बचपन को बाकायदा इन्होंने बर्बाद किया है। अगर पाउडर या क्रीम इसलिए थोपनी पड़े कि शायद आज आपको कोई नहीं चिढ़ाएगा या मैं अच्छा दिखूंगी/दिखूंगा तो इसका मतलब है कि इसने किसी के दिल को कितनी ठेस पहुंचाई होगी। ऐसी कंपनियों ने चमड़ी के रंग को गाली की तरह बना दिया है। मैं उनका सपोर्ट नहीं करना चाहती। फिर चाहे वे जितना भी पैसा दे दें।

## हीरो सिर्फ रितिक रोशन नहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसा भी हो सकता है

हमारे अंदर और नई जनरेशन में रंगभेद का जो अंतर बनाया जा रहा, उसे शिक्षा के जरिए खत्म किया जाना चाहिए। बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए, ताकि वे समझें कि रंग-रूप सिर्फ बाह्य आवरण हैं। उन्हें समझाया जाना चाहिए कि हमारे देश में अलग-अलग जलवायु वाले क्षेत्र हैं। यहां कोई गोरा होता है तो कोई सांवला। ऐसा नहीं होना चाहिए कि हीरो हो तो सिर्फ रितिक रोशन (एक प्रतीक के रूप में) जैसा। विकी कौशल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, मनोज तिवारी, मनोज बाजपेयी जैसा भी हो सकता है। हॉलिवुड में एक वक्त था, जब डेंजल वॉशिंगटन अकेले ब्लैक ओरिजन से आने वाले हीरो थे। फिर धीरे-धीरे विल स्मिथ सहित कई और भी बड़े कलाकार आते गए। श्रेष्ठता इंसान के भीतर है, बाहर के रंग-रूप में नहीं।

## हर हिस्टॉरिकल शोज मुझे ही ऑफर होने लगे थे

'झांसी की रानी' के बाद हर हिस्टॉरिकल शोज मुझे ही ऑफर होने लगे थे। अगर मुझे हर हिस्टॉरिकल किरदार मिल जाएगा तो कैसे चलेगा। मैंने और पापा ने सोचा अगर रजिया सुल्तान, अहिल्याबाई, झलकारी बाई, रजिया भी मैं बन जाऊंगी तो 'झांसी की रानी' कौन है फिर? इसलिए मैंने उन्हें ना करने का फैसला लिया। अगर झांसी की रानी के रूप में मैं दर्शकों के जेहन में छप गई हूं तो यह अच्छी बात है। स्पाइडरमैन ही सुपरमैन बनेगा और सुपरमैन ही अगर बैटमैन बनेगा तो कैसे चलेगा। सबकी तासीर अलग है, तभी तो आप किसी एक किरदार के लिए अमर हो पाएंगे।

## हर कोई पूछता है कि मां का किरदार करने का फैसला जल्दबाज़ी का तो नहीं

हर इंसान मुझसे पूछता है कि 'मैं हूं साथ तेरे' में मां का किरदार करके आप स्टीरियोटाइप तो नहीं हो जाएंगी। बस, यह हमारे देश में ही होता है। लोग कहते हैं कि यह फैसला जल्दबाजी वाला तो नहीं है। स्मिता पाटिल ने एक वृद्ध नारी का किरदार निभाया था। उन्होंने जब जवानी में ऐसे किरदार से परहेज नहीं किया तो मैं क्यों सोचूं। मेरी आइडल जूलिया रॉबर्ट्स, मेरेल स्ट्रीम हैं। इनकी सोच में कभी ऐसी चीजें नहीं आती हैं। वो हर किरदार को अलग तरह से देखती हैं।



# जॉन अब्राहम और अल्लू अर्जुन की बॉक्स ऑफिस पर होगी भिड़ंत, 15 अगस्त को रिलीज होंगी वेदा और पुष्पा 2

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का फैंस काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस का कहना है कि यह फिल्म जब थिएटर में आएगी, तो धमाल मचा देगी। लेकिन इस फिल्म की टक्कर जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा के साथ होने वाली है। दोनों ही फिल्में 15 अगस्त को रिलीज हो रही हैं। यानी इस साल का पहला बड़ा क्लैश 15 अगस्त को देखने को मिला, जब जॉन अब्राहम और अल्लू अर्जुन आमने-सामने होंगे। जॉन अब्राहम ने अपनी फिल्म वेदा की रिलीज डेट अनाउंस करते हुए लिखा, इस स्वतंत्रता दिवस, वो आ रहे हैं...इंसाफ की जंग लड़ने। वेदा 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## पैन इंडिया रिलीज होगी पुष्पा 2

वेदा को निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और शरवरी वाघ हैं। वहीं पुष्पा- द रूल को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल समेत कई और कलाकार हैं। इसे हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कनन्ड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी।

## क्या 15 अगस्त को रिलीज होगी सिंघम अगेन?

वहीं, ऐसी खबरें थीं कि रोहित शेट्टी भी अपनी फिल्म सिंघम अगेन को 15 अगस्त के मौके पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि, अभी मेकर्स की तरफ से रिलीज डेट को लेकर कोई अपडेट नहीं आया है। बस रोहित शेट्टी ने इतना ही कहा था कि फिल्म जल्द रिलीज होगी। अगर सिंघम अगेन भी उसी दिन रिलीज हुई, तो फिर यह इस साल का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जाएगा।

# उत्तराखंड में वेकेशन एन्जॉय कर रहीं गौहर खान



टीवी और फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस गौहर खान इन दिनों उत्तराखंड की सुंदर वादियों में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने मसूरी से एक वीडियो शेयर की, जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रही है। गौहर खान ने शनिवार को उत्तराखंड के मसूरी में अपनी छुट्टियों की झलक साझा की, जिसमें उन्होंने पहाड़ों के प्रति अपने प्यार को व्यक्त करते हुए सूर्यास्त का आनंद लिया। गौहर ने इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह हाफ स्लीव व्हाइट टी-शर्ट और ब्लू डेनिम पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने नो मेकअप लुक को खुले बालों के साथ पूरा किया।
वीडियो में उनके बैकग्राउंड में सनसेट का व्यू दिख रहा है। उन्होंने इस रील को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मुझे पहाड़ों से बेहद प्यार है। मसूरी को ऐसा मैंने पहले कभी नहीं देखा। ब्यूटीफुल सनसेट। कुछ दिन पहले, गौहर अपने पति जैद दरबार और बेट जेहान के साथ अफ्रीका के तंजानिया घूमने गई थीं। इस दौरान उन्होंने वहां से कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। एक वीडियो में एक्ट्रेस किलिमंजारो के सिहा जिले के लॉज में एंट्री करती नजर आ रही हैं। इस दौरान वहां के कुछ स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

# कार्तिक आर्यन ने की तृप्ति डिमरी की तारीफ



कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। कार्तिक आर्यन के प्रशंसक उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चंदू चैंपियन' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अभिनेता अपने कई आगामी परियोजनाओं को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। कार्तिक 'भूल भुलैया 3' और अनुराग बसु की प्रेम कहानी पर आधारित परियोजना पर तृप्ति डिमरी के साथ भी काम कर रहे हैं। अभिनेता ने एक साक्षात्कार में तृप्ति के साथ अपने काम करने के अनुभवों को साझा करते हुए खुलकर बात की। साक्षात्कार के दौरान तृप्ति के साथ अपने काम के अनुभवों को साझा करते हुए अभिनेता ने कहा, 'मैं भूल भुलैया 3 की शूटिंग कर रहा हूं, जिसमें तृप्ति भी हैं। उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। मैं बहुत खुश हूं कि वह इसका हिस्सा हैं। वह बहुत आत्मविश्वासी हैं, जो कि बहुत ही बढ़िया है।'

कार्तिक ने आगे कहा कि जब आप तृप्ति जैसे कलाकार के साथ काम करते हैं तो इससे आपको मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'इससे सीन और मुझे भी कुछ पलों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उनके साथ काम करना बहुत बढ़िया है।'



# टीवी सितारों को छोटा समझते हैं बॉलीवुड सितारे?

आज हम आपको टीवी जगत की उन चर्चित अदाकाराओं के बारे में बता रहे हैं, जो टीवी सितारों के साथ बॉलीवुड में होने वाले भेदभाव पर कई बार बात कर चुकी हैं। निया शर्मा ने इस बारे में कई बार बात की है, उन्होंने कहा था बॉलीवुड में टीवी एक्टर्स को कुछ नहीं मानते, वे जहां जाते हैं यही सुनने को मिलता है कि तुम तो टीवी से हो। टीवी से बॉलीवुड पहुंची राधिका मदान ने कहा था बॉलीवुड में ये कहा जाता है कि अरे टीवी में तो इनसे 48 से 50 घंटे लगातार काम कराया जाता था, यहां भी कर लेंगे।



हिना खान भी बॉलीवुड में भेदभाव झेल चुकी हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि फिल्म इंडस्ट्री में हमेशा से ही एक क्लास सिस्टम है। हिना के मुताबिक, बड़े डिजाइनर्स हों या प्रोडक्शन बैनर्स, मुझे हर जगह टीवी से होने के लिए जज किया गया, हमें मौका तक नहीं मिलता, नीचा दिखाया जाता है कि ओह ये तो टीवी से है। रुपाली गांगुली भी इस मसले पर बोल चुकी हैं, हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि, मुझे असली इज्जत टीवी से ही मिली है और मैं जो भी आज हूं वो सिर्फ टीवी की वजह से ही हूं।



# गोविंदा ने लॉन्च किया खुद का ओटीटी एप

गोविंदा अपनी दमदार अदाकारी, शानदार डांस और जबर्दस्त कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर हैं। 90 के दशक में उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। बड़े पर्दे पर नाम कमाने के बाद अब उन्होंने डिजिटल क्षेत्र में अपने कदम रख दिए हैं। हाल ही में अभिनेता ने खुद का ओटीटी एप फिल्मी लड्डू लॉन्च किया है। गोविंदा का यह फैसला उनकी उद्यमशीलता के साथ फैंस के साथ उनके जुड़ने के आकर्षक तरीके को भी दर्शाता है। जानकारी के अनुसार इस ओटीटी प्लेटफॉर्म से दर्शकों की विविध मनोरंजन आवश्यकताओं को पूरा करने की कोशिश की जाएगी। फिल्मी लड्डू में लोगों को फिल्मों से लेकर वेब सीरीज, एक्सक्लूसिव इंटरव्यू, पर्दे के पीछे की फुटेज और बहुत कुछ देखने को मिलेगा। इस ओटीटी लॉन्च के साथ गोविंदा की साल 2017 में आई फिल्म आ गया हीरो की स्ट्रीमिंग भी शुरू कर दी गई है। इस फिल्म में अभिनेता ने लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी की थी। इस एप पर गोविंदा की क्लासिक फिल्मों के साथ नई और आकर्षक कहानी भी लोगों को देखने को मिलेंगी। गूगल प्ले और एपल स्टोर पर यह एप उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर दर्शक 149 रुपये की मासिक फीस पर मनोरंजन का लुत्फ उठा सकेंगे।



# विस अध्यक्ष की दो टूक... विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी चिंता का सबब, मानदेय बढ़ाने और नियमित करने के दिशा में लिए जाएंगे

## राजधानी की बैठक में लिए गए निर्णय, मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को दुरुस्त करने शुरु कमेटी गठित



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टरों सहित मानव संसाधनों की कमी, उपचार के अभाव सहित कई मामलों में मंगलवार को राजधानी में हाईप्रोफाईल बैठक की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के हस्तक्षेप के बाद हेल्थ सेक्टर में सुधारों की दिशा में काम शुरु किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेश के मेडिकल कालेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर चिंता जाहिर की और उनके मानदेय को बढ़ाने तथा उन्हें नियमित करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। मंगलवार को राजधानी में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मौजूदगी में उच्चस्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें राजनांदगांव जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल और मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के अधिकारी भी मौजूद थे। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सुझाव पर स्वास्थ्य विभाग को एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं।इस कमेटी में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव नोडल अधिकारी होंगे। कमेटी में वित्त तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी के साथ ही किसी मेडिकल कालेज के डीन तथा सीनियर प्रोफेसर भी शामिल होंगे। ये कमेटी एक महीने में विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय और उनके नियमितिकरण करने के प्रावधान के बारे में पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के प्रावधानों और नियमों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

**संसाधनों की कमी बड़ा सबब :** स्वास्थ्य व्यवस्था तथा मेडिकल कालेज की सुविधाओं को लेकर इस बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, टेक्निशियन, वार्ड बॉयजैसे पदों की रिक्तता एक बड़ा सबब है। इसके अलावा यहां उपचार के लिए आवश्यक मशीनी उपकरणों का अभाव, मेंटनेंस में दिक्कतें जैसे पहलुओं को लेकर भी समस्या है। पहले यहां लगाए गए कई उपकरणों को बदलने की आवश्यकता भी बताई जाती है।

**एनएमसी दे चुका है चेतावनी :** बीते दो वर्षों में राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज अस्पताल से दो दर्जन से अधिक चिकित्सकों ने इस्तीफा दे दिया है। पहले ही आवश्यकता से कम संसाधनों के बीच संचालित मेडिकल कॉलेज से चिकित्सकों के चले जाने से व्यवस्था और भी चरमरा गई है। यहां भावी डॉक्टरों का अध्यापन भी लड़खड़ा गया है। एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) के मानकों के अनुरुप मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त संसाधन, सुविधाओं की कमी पर कॉलेज की मान्यता को भी खतरा है जिसकी चेतावनी पहले ही काउंसिल दे चुका है।

**जिला अस्पताल भी बेहाल :** मेकॉज के पेंड्री शिफ्ट होने के बाद से ही बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल क्लिनिक बनकर रह गया है। उसमें भी यहां ओपीडी में मरीजों की संख्या कम होती जा रही है। इसके रिनोवेशन में तकरीबन दो करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं लेकिन संसाधनों में सुधार के लिए कोई पहल नहीं की गई। यहां भी चिकित्सकों की कमी है। दवाईयों की कमी की शिकायतें भी बीच ङ्क बीच में आती रहतीं हैं। मेकॉज और जिला अस्पताल दोनों ही जगहों पर कई टेस्ट की सुविधाएं नहीं है। इसके लिए मरीजों को बाहर जाना होता है जहां उन्हें बड़ी रकम भी चुकानी पड़ती है।

**पीएससी से होगी असिस्टेंट प्रोफेसर्स की भर्ती :** विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को असिस्टेंट प्रोफेसर्स के रिक्त पदों को जल्द पीएससी के माध्यम से शीघ्र भर्ती करने की बात स्वास्थ्य मंत्री से कही।जायसवाल ने राज्य के मेडिकल कालेजों और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार तथा खाली पदों को भरने को लेकर भी विभाग के उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ताकि राज्य की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

# पेड़ के नीचे सुस्ता रहे मजदूरों पर गिरी गाज, तीन की हालत नाज़ुक



■ 15 मजदूर झुलसे, गंभीर घायलों को राजनांदगांव रेफर किया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com

मोहला क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से पंद्रह लोग घायल हो गए हैं। इनमें से तीन की हालत नाज़ूक है। घटना मंगलवार की दोपहर 2.38 मिनट की है। तेज गरज के साथ गिरी गाज की चपेट में आए सभी घायलों को मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इनमें गंभीर रूप से झुलसे पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है। वही अन्य घायलों का उपचार जारी है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (एमएमएसी) जिले के कोरलदंड रेंज में नर्सरी पर बेड सिंचाई का कार्य चल रहा है। यहां मजदूर दोपहर खाना खाकर पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे। इसी दरम्यान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई और पन्द्रह लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। सभी घायलों को तत्काल 112 वाहन से मोहला अस्पताल लाया गया तो कुछ घायलों को मोटरसायकिल से पहुँचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से झुलसी पांच महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौजूद नही थे। रेंजर नरेश कुमार बघेल ने बताया कि, मजदूरों के आराम करने के दौरान यह हादसा है। सभी खम्हार पेड़ के नीचे बैठे हुए थे।

### इलाज में भी लगा वक्त

गाज गिरने से घायल मजदूरों को जब मोहला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया तो यहां भी मरीजों को उपचार के लिए इंतजार करना पड़ा। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसआर मंडावी ने कहा कि, हम घायलों की मदद करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। यहां रिनोवेशन का काम भी जारी है जिसके चलते दिक्कतें बढ़ गई हैं। पहले ही अस्पताल में स्टॉफ की भारी कमी है।

# नाबालिग को किराए के मकान में रखा, बलात्कार का आरोप

■ छुरिया पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी जेल भेजा गया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छुरिया पुलिस ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के भांसुला का निवासी है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता के परिजनों ने 15 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी नाबालिग पुत्री छुरिया जाने की बात कहकर घर से निकली लेकिन फिर नहीं लौटी। उन्होंने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे अपने साथ ले जाए जाने की आशंका जताई थी। 10 जून को परिजनों ने जानकारी दी कि उनकी नाबालिग बेटी का फोन आया था और उसने टेड़ेसरा में किराए के मकान में रहने की जानकारी दी है और खुद को लेने आने की बात कही है। सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर पुलिस टीम, परिजनों के साथ रवाना होकर टेडेसरा पहुंची और वहा किराये के मकान में नाबालिग को बरामद किया। इसके साथ ही आरोपी देवेन्द्र बोरकर (21) को भी छुरिया थाना लाया गया। प्रकरण में धारा 366, 376(2)(ढ) भादवि 6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# शासकीय आवासीय परिसर में हरे-भरे वृक्ष की कटाई

■ अस्पताल कर्मचारियों द्वारा दोषी पर कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में पुराने नगर पंचायत भवन के सामने मेनरोड किनारे स्थित शासकीय आवासीय परिसर में हरेभरे वृक्ष को काट देने का मामला तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए परिसर में निवासरत सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों ने पुलिस थाना में आवेदन सौंपकर वृक्ष काटने वाले दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संदर्भ में अस्पताल कर्मचारी भोज साहू ने मीडिया को बताया कि आवासीय परिसर में छायादार व औषधियुक्त करंज के वृक्ष को एक होटल व्यवसायी द्वारा काट दिया गया है। इस वाकये की जानकारी होने पर उन्होंने अपने साथी कर्मचारी राकेश कुर्रे बीपीएम के साथ एसडीएम को टेलीफोनिक जानकारी दी है। इस मामले में विभागीय तौर पर खंड चिकित्सा अधिकारी की ओर से लिखित शिकायत कर दोषी व्यक्ति के ऊपर कार्रवाई करने की मांग थाना प्रभारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व वन विभाग से की गई है।

**शिकायत पर कार्रवाई सिफर** - दरअसल पूर्व में भी पुराने नगर पंचायत के सामने लगे हरे भरे 4 अशोक वृक्ष को काट दिया गया था। इस मामले में एसडीएम से शिकायत हुई थी। ये मामला वन विभाग भी पहुंचा था। दोषी की पहचान होने पर भी कोई कार्रवाई नही हुई। मेनरोड किनारे पेड़ काटने की शिकायत पर कोई कार्रवाई नही होने नागरिकों में प्रशासन को लेकर नकारात्मक चर्चा है।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री पं. शुक्ल की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर मंगलवार 11 जून को स्थानीय कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी सभा में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के 11वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि पंडित विद्याचरण शुक्ल एक दमदार राजनेता थे। वे सदैव संगठन व कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाते रहे। 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सलियों द्वारा हमले में गोली लगने से घायल होने के बाद भी कई दिनों तक अस्पताल में संघर्ष करते रहे और 11 जून 2013 को अंतिम सांस ली। संगोष्ठी सभा को पंकज बाधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संबोधित किया। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि व प्रधानमंत्री आवास जारी कर नेक इरादों की झलक दिखाई : भरत वर्मा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार गठित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही किसानों को सम्मान निधि की राशि जारी करने और गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास बनाने के व्यक्त संकल्प के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

वर्मा ने कहा कि कार्यभार संभालते ही प्रधानमंत्री द्वारा सर्वप्रथम किसान सम्मान निधि जारी करने के लिए फाइल हस्ताक्षरित करने से किसानों और गरीब कल्याण के प्रति भाजपानीत राजग सरकार के नेक इरादों की झलक मिल गई है और देश के किसानों में एक बार फिर यह पक्का भरोसा कायम हुआ है कि नई केंद्र सरकार ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी कृषि क्षेत्र में विकास के नए आयाम गढ़ेगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास का नया लक्ष्य घोषित करके श्री मोदी ने नई केंद्र सरकार के गरीब कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों के बैंक खाते में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि भेजी जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ के 23 लाख 64 हजार 465 किसान भी लाभान्वित होंगे। इसके पहले जब 16वीं किस्त से राज्य के करीब 23.14 लाख किसानों को लाभ मिला था। छत्तीसगढ़ के किसानों को अब तक लगभग 7800 करोड़ का लाभ इस योजना से मिल चुका है। उन्होंने कहा कि, हालांकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। यह योजना देशभर में भूमिधारी किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए फरवरी 2019 में शुरु की गई थी। इस योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में प्रतिवर्ष 6000 रुपए अंतरित किए जाते हैं। कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 11 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाता में प्रति क़िस्त 2-2 हजार के हिसाब से अब तक 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है।

# तापमान में उतार-चढ़ाव फिर 41 डिग्री पहुंचा पारा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



तापमान में रोजाना उतार चढ़ाव दर्ज हो रहे हैं। मॉनसून की आमद से पहले धूप-छांव, हल्की बारिश का असर देखने को मिल रहा है। मंगलवार की दोपहर भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। इसके थोड़ी ही देर बाद दोबारा उमस ने सताना शुरु कर दिया। पिछले कुछ दिनों से मौसम के हालात ऐसे ही हैं।

दो दिनों पहले तापमान के 38 डिग्री तक गिर जाने के बाद दोबारा पारा 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया है। इस बीच हल्की बारिश और बदली का दौर भी जारी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन अधिकतम तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी की संभावना जताई है।सोमवार को भी तापमान का स्तर 41 डिग्री के पार रहा था। अगले तीन दिनों में तापमान फिर 43 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। हालाकि इस दौरान अंधड़ के साथ गरज चमक और हल्की बारिश की स्थिति बनी रहेगी। लेकिन अंतिम दौर में गर्मी फिर चरम पर रहेगी। इधर मानसून के करीब आते ही चक्रवाती सिस्टम भी एक्टिव होने लगे हैं। 13 जून तक मानसून के पूरे प्रदेश में दाखिल होने की संभावना है। इसके बाद बारिश का सिस्टम मजबूत होगा।

# रमेश पटेल केंद्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से मिले



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल इन दिनों एक प्रतिनिधि मंडल के साथ देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रवास है, इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया व अनेक केन्द्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक-राजनीतिक चर्चा की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्रीय नेताओं से मिलने के क्रम में कल रात उन्होनें केन्द्रीय श्रम, खेल व युवा कल्याण मंत्री डॉ मनसुख लक्ष्मणभाई मंडाविया जी से भेंट कर उन्हे शुभकामनाएं दी इसी क्रम में केछत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद व केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट की।

## आंख के मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

# अतिसंवेदनशील क्षेत्र में पुलिस का ऑपरेशन रोशनी



पायनियर संवाददाता < मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

जिला पुलिस मोहला-मानपुर-अं चौकी द्वारा जिले के दूर-दराज के नक्सल प्रभावित गांवों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ऑपरेशन रोशनीचलाया जा रहा है।इसके तहत जिले के दूर-दराज के नक्सल प्रभावित गांवों में मोतियाबिंद से पीड़ति 350 ग्रामीणों की पहचान की गई। ऑपरेशन के इच्छुक ग्रामीणों की पहचान कर उनका ग्रुप बनाकर राजनांदगांव में स्थित उदयाचल मल्टी स्पेशिलिस्टी आई केयर इंस्टीट्यूट में भेज कर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जा रहा है । ऑपरेशन रोशनी के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रथम चरण में 24 ग्रामीणों का 04 जून तथा द्वितीय चरण में 09 जून को 08 ग्रामीणों का जिला पुलिस द्वारा राजनांदगांव में स्थित उदयाचल मल्टी स्पेशिलिटी आई केयर इंस्टिट्यूट में भर्ती कराकर निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया।पीड़ति ग्रामीणों द्वारा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन रोशनीकी सराहना की गई एवं पुलिस को हर संभव सहयोग देने हेतु आश्वस्त किया गया।

# पर्यावरण को लेकर भामसं का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम के उपाय करने को लेकर भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों जिलाधीश संजय अग्रवाल से मिलकर अपने सुझाव दिये व इस हेतु सहयोग करने की भी बात कहीं। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिलाधीश को प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या जिले या देश में ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण नागरिकों को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बड़ गई है, पर इसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, जिस वजह से तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गई है। सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भू-जल का स्तर नीचे जाने लगा है इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। भारतीय मजदूर संघ ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करता है कि जिले में होने वाली सभी प्रकार के प्रदूषणों पर विशेष ध्यान देते हुये इसके रोकथाम के तत्काल उपाय किये जायें। वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किया जाये, नदीं व नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिये आवश्यक उपाय किये जाये। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाये व वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाये। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाये। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुये वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू-जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाये। शहर से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाये तथा ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्यवाही की जाये तथा ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई।

# शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टि से की जाएगी स्कूली वाहनों की चेकिंग

- धमतरी यातायात पुलिस द्वारा वर्षा ऋतु में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का दिया गया दिशा-निर्देश
- धमतरी यातायात पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा द्वारा दिनांक 10 जून 2024 को यातायात में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का बैठक लिया गया।

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



बैठक में शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व स्कूलों में सचालित होने वाले वाहन जैसे बस, आटो, मैजिक, स्कूल वेन आदि का स्कूली छात्र-छात्राओं को सुरक्षित आवागमन एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराये जाने हेतु परिवहन विभाग के साथ संयुक्त रूप से जिला परिवहन कार्यालय भोयना में 14/06/2024 को प्रातः 10 बजे वाहन चेकिंग, वाहन चालको का स्वास्थ्य परीक्षण एवं यातायात कार्यशाला का आयोजन कराये जाने निर्देशित किया गया। वर्षा ऋतु में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सर्वाधिक दुर्घटनाजन्य स्थल का चिन्हांकन कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किये जाने जैसे गति नियंत्रण हेतु रोड स्टापर लगाना, मार्ग के किनारे पेंड़ों में रेडियम रिफलेक्टर टेप, अंधे मोंड़ों के आस.पास की झाड़ियों की साफ-सफाई कराने के साथ ही मार्ग में बैठे रहने वाले अवारा मवेशियों को मार्ग से हटाने उपाय किये जायेगें, जिससे वर्षा ऋतु में होने वाले सड़क दुर्घटना से बचाव होगी। शहर के यातायात को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु निरंतर पैदल पेट्रोलिंग कर नोपार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्यवाही, मार्ग के किनारे दुकान ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को हटाने, मार्ग के किनारे लगे दुकान के सामानों, विज्ञापन बोर्ड को दुकान अंदर कराने, बड़ी वाहनों से हो रही सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने भारी मालवाहक वाहन चालकों का नियमित चेकिंग करने, रांग साईड चलने वालों को समझाईश देकर कार्यवाही करने एवं यातायात नियमों का पालन कराने दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक के उपरांत यातायात के मालखाना का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा उपकरणों के सही रख रखाव एवं बंद या खराब पड़े मरम्मत करने योग्य उपकरणों की मरम्मत कराने एवं पैसे उपकरण जों मरम्मत योग्य नही है का कंडमनेशन की कार्यवाही कराने माल मुंशी को निर्देशित किया गया।

यातायात पुलिस आमजन, वाहन चालकों से अपील करती है कि शराब सेवन कर वाहन न चलाये, रांग साईड वाहन न चलावें, यातााात नियमों का पालन कर यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# श्री शिरडी धाम साई मंदिर का 14वा वार्षिकोत्सव 07जून से 09जून तक धूमधाम व भव्य तरीके से आयोजित किया गया




पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

श्री शिरडी धाम साईं मंदिर का 14वा वार्षिकोत्सव 07जून से 09जून तक धूमधाम व भव्य तरीके से आयोजित किया गया। वार्षिकोत्सव आध्यात्मिक अनुष्ठान के साथ प्रारंभ किया गया। प्रात छह बजे काकड़ आरती के बाद दोपहर 12 बजे मध्याह्न आरती का आयोजन किया गया।इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें महाभोग रात्रि 08बजे से लगभग 12:00तक हजारों श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। सिविल लाइन स्थित श्री गणेश अंबिका चित्रगुप्त धाम श्री शिरडी साईं दरबार का 14 वा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया. तीन दिनों तक चले इस महोत्सव का समापन भंडारा प्रसाद के वितरण के साथ हुआ. सिविल लाइन स्थित श्री शिरडी साई दरबार का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव श्री सत्यनारायण व्रत कथा के साथ हुआ. सामूहिक व्रत कथा में कई लोग सपरिवार शामिल हुए.आयोजन के दूसरे दिन अभिषेक एवं पूजन का कार्यक्रम दिन भर चला.आयोजन के तीसरे और अंतिम दिन रविवार को पूर्णाहुति एवं सायं 07:30बजे महा आरती आयोजित की गई.महा आरती के उपरांत भोग प्रसाद का वितरण किया गया. सभी कार्यक्रमों में श्री शिरडी साईं दरबार समिति के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. संपूर्ण आयोजन में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले समस्त जनों के प्रति शिरडी साई दरबार समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिन्हा ने आभार व्यक्त किया है.उल्लेखनीय है कि प्रत्येक गुरूवार को पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ता है। यहाँ शाम की आरती के बाद खिचड़ी महाभोग का वितरण किया जाता है. इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने मे समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिन्हा, पीयूष शर्मा, रामचरित द्विवेदी,राजेंद्र तिवारी, अभिषेक सिन्हा, प्रेम पाण्डेय, गौरव मिश्रा, संजीव खत्री, संजय सेन, शुभ सिन्हा,शौर्य श्रीवास्तव, अभय गुप्ता, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, चंडीकेश्वर पंकज, नितिन, जानू, प्रदीप दास, प्रमोद,रामचंद्र जोशी, मृत्युंजय सोनी, आशु, घनश्याम राजा, उमेश समेत सभी भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

# मुक्ति धाम का निर्माण अब तक अधूरा ग्रामीण हो रहे परेशान

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा में निर्माणाधीन मुक्ति धाम का निर्माण अब भी अधुरा पड़ा हुआ है। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा सरपंच, सचिव को कई बार अवगत कराया जा चुका है उसके बावजूद भी निर्माण कार्य अधुरा पड़ा हुआ है।ऐसे में ग्राम वासियों को बरसात के दिनों में शव की अंतिम संस्कार करने के लिए दो फीट की कीचड़ को पार कर महानदी किनारे जाना पड़ता है जो लोगों की बस की बात नही फिर भी ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी और गांव के मुखियो को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अब तक कोई भी उचित पहल नही किया गया है। ऐसे में ग्रामीण बरसात के दिनों में एक गंभीर समस्या से जूझने को मजबूर है। जहां एक तरफ बरसात के दिनों में भी शव का अंतिम संस्कार उचित ढंग से किया जा सके कहकर गांव-गांव में मुक्ति धाम का निर्माण करवाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ तुस्मा ग्राम के नर्सरी ग्राउंड में बन रहे निर्माणाधीन मुक्ति धाम का काम आज भी अधर में लटके हुए नजर आ रहे है। ग्राम सचिव की निष्क्रियता और मनमानी से अब लोग पुरी तरह से परेशान नजर आ रहे है। सबसे विडंबना की बात यह है की मुक्ति धाम का निर्माण कार्य को अधुरा करके करीब 3 सालों से छोड़ दिया गया जिसका लाभ पीड़ित परिवार को नही मिल रहा है ग्रामीणों की माने तो कई बार सरपंच,सचिव इस समस्या को लेकर अवगत कराया जा चुका है। उसके बावजूद भी गांव के जिम्मेदार सरपंच को गांव की कोई भी समस्या से कोई लेना देना नहीं। जिसका खमियाजा ग्राम वासियों को भुगतना पड़ रहा है। हालाकी गर्मी के दिनों में महानदी किनारे जा कर शव का अंतिम संस्कार करना आसान हो जाता है। किंतु जैसे ही बरसात शुरु होते ही लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती है तेज बारिश से रास्ता पूरी तरह से दलदल हो जाता है जिसकी वजह से नदी किनारे जाना कही ना कहीं मौत को और बुलावा देना हो जाता है इसके साथ ही पीड़ित परिवार के ऊपर शव को ले जाने के लिए दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है अर्थात दुःख में और दोहरा दुःख हो जाता है फिर भी ग्राम सचिव को इस समस्या को लेकर कोई उचित पहल नही किया जा रहा है और नही गांव की किसी भी समस्या का समाधान करने में रुचि ले रहे हैं। बल्कि ग्राम सचिव को पंचायत भवन में कुर्सी में आराम फरमाते हुए देखा जा सकता है।

> संतोष खूंटे सचिव का कहना है की 3 लाख का स्टीमेट है जिसमें प्लास्टर बाकी है सरपंच को बार बार बोल रहा हू फिर भी ध्यान नहीं दे रहा है।

# कलेक्टर ने धान उठाव के संबंध में ली बैठक' 'उठाव में लेट लतीफी पर व्यक्त की नाराजगी'

**'धान उठाव के संबंध में सख्ती बरतने एवं अनियमितता पर कार्यवाही करने दिए निर्देश'**

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित चेम्बर कक्ष में धान उठाव के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने समितिवार धान उठाव के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और धान उठाव की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जिले में शतप्रतिशत धान का उठाव सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि समितियों द्वारा समय पर धान उठाव न करने एवं लापरवाही बरतने के कारण शासन को क्षति हो रही है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित समितियों को शोकाज नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि कलेक्टर के नेतृत्व में धान उठाव के संबंध में लगातार बैठकें ली जा रही है। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त हितेश श्रीवास ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 55 लाख 86 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई थी, जिसका निराकरण अभी जारी है और लगभग 55 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। शतप्रतिशत धान उठाव के लिए कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय द्वारा लगातार बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शेष धान के शीघ्र उठाव के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण एवं स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को किया गया सम्मानित'



- 'ग्राम झझपुरी खुर्द में स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह कार्यक्रम आयोजित'

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम झझपुरीखुर्द में मनरेगा के तहत 'स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह' ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमृत सरोवर, हैंडपंप सोखता गड्ढा तथा सार्वजनिक जगहों की साफ -सफाई किया गया। अमृत सरोवर के मेड़ में वृक्षारोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण एवं स्वच्छता के बारे जानकारी दी गई। महिला समूहों को कचरा प्रबंधन एवं सेग्रिगेशन शेड की उपयोगिता के सम्बन्ध में बताया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को निःशुल्क पौधा वितरण किया गया।

इसके साथ ही कायक्रम में पर्यावरण एवं स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित सेन, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# बाल श्रमिकों को चिन्हांकित कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें : कलेक्टर'

- 'बाल श्रम को रोकने समय-समय पर अभियान चलाने के दिए निर्देश'

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले को बाल श्रमिक से मुक्त बनाए जाने के लिए कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से कार्य लिया जाना बाल श्रम माना गया है। बाल प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के तहत बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर पुनर्वासित करना है। उन्होंने बाल श्रम कराए जाने वाले संस्थानो, होटलों, ढाबों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बालकों को मुक्त कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़े। साथ ही शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं से उन्हें लाभान्वित किया जाए। '1098 पर कॉल कर दे सकते है बाल श्रम की जानकारी' - कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा नाबालिग जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 शुरू किया गया है। इस नंबर पर कोई भी बच्चा आपातकाल के समय फोन करके मदद ले सकता है। साथ ही कोई भी व्यक्ति 1098 पर कॉल कर बाल श्रम के संबंध में जानकारी दे सकते है। उन्होंने विगत वर्ष बाल श्रमिक के प्रकरण और उस पर कार्यवाही की जानकारी ली और जिले में बाल श्रम को रोकने के लिए पुलिस विभाग के सहयोग से समय-समय पर अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 42 लापरवाह वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 21100 रू किया गया समन शुल्क की वसूल

- यातायात पुलिस द्वारा पैदल पेट्रोलिंग कर किया गया यातायात व्यवस्थित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर चन्द्रा द्वारा शहर के सदर मार्ग में सुव्यवस्थित यातायात बनाये जाने हेतु हमराह स्टॉफ के साथ घड़ी चौक से रामबाग तक पैदल पेट्रोलिंग करते हुए यातायात व्यवस्थित किया गया। सामान रोड में निकालकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को सामान अंदर करवाया गया, बेतरतीब एवं नो पार्किंग में खड़े 06 वाहनों पर कार्यवाही कर पार्किंग में वाहन खड़े करने समझाईश दिया गया। इसी क्रम में बिना लायसेंस एवं मोडिफाईड सायलेंसर लगाकर वाहन चालन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए इस्तगाशा न्यायालय पेश किया न्यायालय द्वारा वाहन चालकों पर कमशः 6000 एवं 12000 रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। यह कार्यवाही निरंतर चलता रहेगा। यातायात पुलिस आमजनों एवं वाहन चालकों से अपील करती है कि बिना लायसेंस, मोडिफाईड सायलेंसर लगाकर वाहन चालन न करें, तीन सवारी, रांग साईड वाहन न चलावें, यातायात नियमों का पालन कर यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छग राज्य विकास अभिकरण भीम सिंह ने किया धमतरी के भटगांव और कुरूद के हंचलपुर का किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ राज्य विकास अभिकरण भीम सिंह ने धमतरी के भटगांव और कुरूद के हंचलपुर में रीपा से किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने भटगांव में रीपा अंतर्गत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण कर स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने लेमनग्रास का उत्पादनए उससे तैयार किये जा रहे सामग्री की बिक्री इत्यादि के प्रगति के बारे में पूछा। बताया गया कि समूह के द्वारा 13 एकड क्षेत्र में लेमनग्रास उत्पादित किया गया है। साथ ही मशीन के माध्यम से लेमनग्रास प्रोसेसिंग किया जा रहा है। वर्तमान में इस वर्ष समूह को लेमनग्रास से लगभग एक लाख रूपये की आमदनी हुई है।

इसके बाद सिंह ने आचार प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। महिलाओं के द्वारा आचार तैयार कर स्कूल शिक्षा विभाग एवं छात्रावासों में आचार उपलब्ध कराया जा रहा हैए जिससे उन्हें आमदनी हो रही है। भटगांव के वाईफाई जोन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद भीम सिंह ने कुरूद विकासखण्ड के हंचलपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान गोबर से बनने वाले पेंट यूनिट का मुआयना किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त पेंट का उपयोग सभी सरकारी भवनों में अधिक से अधिक करें। इसके बाद उन्होंने चना यूनिट का भी निरीक्षण कर समूह की महिलाओं से चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, सीईओ जनपद पंचायत धमतरी दीपक ठाकुर, कुरूद बीआर वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**आदर्श आचरण संहिता शिथिल होने के पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम में लगी लोगों की भीड़**

# शासकीय सड़क पर अवैध कब्जा कर दिवाल निर्माण की कलेक्टर से की शिकायत

- ग्राम गोंडपेंडरी के किसानों ने सिंचाई हेतु पाईप लाईन बिछाने दिया आवेदन,जनदर्शन में प्राप्त हुए 130 आवेदन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव 2024 पूर्ण होने एवं आदर्श आचरण संहिता शिथिल होने के पश्चात प्रति सोमवार आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचें लोगों से समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। चरोदा भिलाई निवासी अंकिता मौर्या, नेशनल लेवल की तीरंदाज खिलाड़ी ने अपनी खेल प्रतिभा को निखारने हेतु खेल सामग्री के लिए आर्थिक मदद की मांग की। आवेदन लेकर पहुंची कुमारी मौर्या ने कलेक्टर को बताया कि वह सब जूनियर और सीनियर नेशनल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। खेलो इंडिया ईस्ट जोन में पदक लेने वाली छत्तीसगढ़ की पहली खिलाड़ी है। उन्होंने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह खेल उपकरण खरीदने में असमर्थ है। नेशनल मैच में भाग लेने के लिए प्रैक्टिस हेतु खेल उपकरणों की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर ने खेल विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। कोहका भिलाई के मोहल्लेवासियों ने निगम द्वारा निर्मित सीमेंटीकरण रोड पर अवैध कब्जा कर अन्य व्यक्ति द्वारा दिवाल खड़ा करने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि रोड को बंद करने की मंशा से बांस बल्ली लगा दिया गया है, जिससे रोड से गुजरने वाले आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जामुल वार्डवासियों ने बरसात के पूर्व गढ्ढ़ों पर मुरूम डलवाने के लिए आवेदन सौपा। वार्ड क्रमांक 5 आवासीय क्षेत्र एवं जामुल शीतला पब्लिक स्कूल एवं इंडियन पब्लिक स्कूल के आसपास बड़े-बड़े गढ्ढे होने के कारण बरसात में पानी भरने के कारण स्कूल बच्चों व वार्डवासियों को आवागमन में असुविधा होती है। साथ ही स्कूल के पास सार्वजनिक नाली बना हुआ है, जिसमें आने-जाने के लिए नाली के ऊपर स्लेब बनाया गया है, जो कि अत्यंत जर्जर हो गया है। जर्जर होने के कारण आम जनता को आने जाने में परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर ने नगर पालिका जामुल को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम गोंडपेंडरी के किसानों ने सिंचाई सुविधा हेतु पाईप लाईन बिछाने के लिए आवेदन सौंपा। किसानों ने बताया कि ग्राम गोंडपेंडरी एवं मानिकचौरी के लगभग 100 किसानों को गोंडपेंडरी नहर से सिंचाई हेतु पानी मिलता है। भारत माला परियोजना के तहत सड़क निर्माण हो जाने पर लगभग 300 एकड़ खेतों में नहर का पानी नही मिल पाएगा, जिससे जमीन बंजर हो जाएगा और किसानों को आर्थिक नुकसान होगा। किसानों ने सड़क निर्माण होने के पूर्व सिंचाई हेतु आरसीसी पाईप लगवाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आर्थिक सहायता, रोजगार उपलब्ध कराने, राशन कार्ड बनाने, अवैध कब्जा, मुआवजा राशि, पेयजल सहित आज जनदर्शन में 130 आवेदन प्राप्त हुए।

# जैन खरतरगच्छ आचार्य पूर्णानंद सागर सूरीश्वरजी का चौमासा जयपुर में होगा



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ आचार्य श्री मज्जिन पूर्णानंद सागर सूरीश्वरजी म सा का आगामी चौमासा जयपुर में होना तय हुआ है। 8 जुलाई को त्रिपोलिया गेट स्थित फूल कुंवर बाई उपाश्रय मैं आयोजित कार्यक्रम में पूर्णानंद सागर सूरीश्वरजी म सा का ने इस आशय की सहमति प्रदान करने पर जयपुर संघ पदाधिकारी खुशी से झूम उठे। इससे पूर्व जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ जयपुर संघ के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारीगणो ने जयपुर में चौमासा करने की सामूहिक विनती की इसके प्रति उत्तर में आचार्य श्री ने चौमासा जयपुर में ही करने की सहमति प्रदान की है। श्रीमाल सभा मोती डूंगरी दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल संघ के अध्यक्ष मनोज धांधिया, संयोजक जतनमल ढोर तथा अन्य पदाधिकारी सर्वश्री राजेश धांधिया अनु फोफलिया, राजकुमार खारेड, आदि ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त कर आचार्य श्री के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रगट किया साथ ही रतलाम संघ से अनुरोध किया है कि चौमासा में आचार्य श्री के दर्शन, वंदन करने हेतु जयपुर आवश्य पधारे ।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल एक बुजुर्ग व्यक्ति के कानों में फिर से गूंजेगी आवाज

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर मात्र 2 दिनों के भीतर ही कायता के कानों में फिट किया गया डिजिटल श्रवण यंत्र

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल की वजह से आज एक 72 वर्षीय व्यक्ति फिर से लोगों की आवाज सुन सकेगा। जशपुर जिले के कुनकुरी ब्लॉक के रहने वाले रामदेव राम कायता को कानों में कुछ समस्या होने की वजह से उन्हें सुनाई नहीं दे रहा था। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से उनके पास इलाज के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे। कायता ने 2 दिन पहले मुख्यमंत्री निवास कार्यालय आकर मुख्यमंत्री साय के समक्ष अपनी समस्या के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को इसके निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष ही समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के द्वारा रामदेव राम कायता के दोनों कानों में डिजिटल श्रवण यंत्र फिट किया गया। इस श्रवण यंत्र के माध्यम से वे आसानी से आवाज को सुन सकेंगे। कायता ने मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की मुख्यमंत्री गरीबों के मसीहा हैं। मुख्यमंत्री साय की वजह से आज वह फिर से सुन सकेंगे। उनकी समस्या का इतनी जल्दी निराकरण हो जायगा उसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी। मुख्यमंत्री के बारे में जैसा सुना था वैसा ही पाया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, समाज कल्याण विभाग के अपर संचालक पंकज वर्मा मौजूद थे। रामदेव राम कायता के कानों में जो डिजिटल श्रवण यंत्र फिट किया गया है। यह आधुनिक डिजिटल यंत्र लगभग 50 हजार मूल्य का है। यह बैटरी से संचालित है। इसमें आवाज साफ सुनाई देती है।




# आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1802 बच्चों का स्वर्णप्राशन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में सोमवार को 1802 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुइफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुवेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410 और 13 मई को 1256 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।



# उद्योग विभाग में कसावट लाने की कवायद शुरू, मंत्री देवांगन ने ली मैराथन बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंगलवार को उद्योग विभाग की एक-एक योजना की विस्तार से समीक्षा की।बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना के नाम पर जमीन लेने के बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर जमीन आबंटन की प्रक्रिया निरस्त करने की कार्रवाई करे। आज मंगलवार को सर्किट हाऊस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों, सीएसआईडीसी के अधिकारीयों व उद्योग संचालनालय के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर उद्योग मंत्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, संचालक उद्योग पी. अरूण प्रसाद सहित जिलों से आए अधिकारी एवं उद्योग संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे। उद्योग मंत्री देवांगन ने निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव के आदर्श आरचण संहिता के दौरान जो कार्य लंबित थे, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने की कार्यवाही करें।





# सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की नई तकनीकों के ज्ञान से अभियंताओं की बढ़ेगी दक्षता : अरुण साव

- आईएएचई और पीडब्लूडी द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया है आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की नई तकनीकों के ज्ञान से अभियंताओं की दक्षता बढ़ेगी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण व रखरखाव की नई और आधुनिक तकनीकों से रू-ब-रू होंगे। राज्य में पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण और रखरखाव सुनिश्चित करने में इससे मदद मिलेगी। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में लोक निर्माण विभाग के रायपुर और दुर्ग संभाग के अभियंताओं के लिए इस चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें दोनों संभागों के विभागीय उप अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं को पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण, रखरखाव और मरम्मत के साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न संस्थाओं और निर्माण एजेंसियों के विषय विशेषज्ञ उन्हें इनका प्रशिक्षण दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। व्यक्ति जब तक काम करता है, लगातार सीखता रहता है। समय के साथ कार्यक्षेत्र की जरूरत बदलती है, नई तकनीकें आती जाती हैं। इनके अनुरूप हमें भी अपडेट होना पड़ता है। तभी हमारी उपयोगिता और प्रासंगिकता रहती है। उन्होंने कहा कि आज सड़कों पर लगातार ट्रैफिक बढ़ रहा है, तेज रफ्तार वाली गाड़िया भी आ गई हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए सड़क और पुल-पुलियों के निर्माण में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन जरूरी है।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403